9 राज्य, 18 संस्करण रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, इंदौर, भोपाल, सागर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, रतलाम, मुंबई, पुणे, नई दिल्ली, जयपुर,लखनऊ, जालंधर, रांची, कोलकाता से एक साथ प्रकाशित

मूल्य ₹ 4.00 | वर्ष-12, अंक 92, पृष्ठ -12 | महानगर संस्करण

D-live NewsTV www.dabangdunia.co.in

# दैनिक दबंग दुनिया

रायपुर, शुक्रवार, 13 दिसंबर 2024

निष्पक्ष नज़र, निष्पक्ष ख़बर

देश का सबसे चर्चित संपूर्ण हिन्दी अख़बार

अंदर पढ़ें



पेज 07

## हॉस्पिटल में आग 7 लोगों की मौत

**तमिलनाडु।** तमिलनाडु के डिंडीगुल शहर में एक निजी अस्पताल में भीषण आग लगने से सात लोगों के मारे जाने की खबर है। अस्पताल के अंदर 100 से अधिक मरीज फंसे हुए हैं, जिन्हें निकालने की कोशिशें जारी हैं। ये अस्पताल चार मंजिला है। अस्पताल में आग लगने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। मरीजों को दूसरे अस्पतालों में शिफ्ट करने के लिए निजी एंबुलेंस सहित 50 से अधिक एंबुलेंस बुलाई गई हैं। बचाव करने के लिए अग्निशमन और पुलिस कर्मी लगातार राहत कार्य में जुटे हैं। खबर लिखे जाने तक राहत कार्य में लगे बचावकर्मियों ने अस्पताल की चार मंजिला इमारत से मरीजों को बाहर निकालने में जुटे हैं। आग लगने के कारण अस्पताल के कई हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

## 18 साल के गुकेश शतरंज के नए वर्ल्ड चैंपियन



**सिंगापुर।** 18 साल के भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने सिंगापुर में गुरुवार को वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया। उन्होंने चीन के डिफेंडिंग चैंपियन डिंग लिरेन को 7.5-6.5 से फाइनल में हराया। इतनी कम उम्र में खिताब जीतने वाले गुकेश दुनिया के पहले प्लेयर बने हैं। इससे पहले 1985 में रूस के गैरी कैस्परोव ने 22 साल की उम्र में यह खिताब जीता था। गुकेश ने चीनी खिलाड़ी को 14वें गेम में हराकर यह टाइटल जीता। 25 नवंबर को चैंपियनशिप का फाइनल शुरू हुआ था, 11 दिसंबर तक दोनों के बीच 13 गेम खेले गए। स्कोर यहां 6.5-6.5 से बराबर था। गुकेश ने आज 14वां गेम जीता और एक पॉइंट की बढ़त लेकर स्कोर 7.5-6.5 कर दिया। चेस चैंपियन बनते ही गुकेश की आंखों से आंसू निकल आए। वह फूट-फूट कर रोने लगे। चेस चैंपियन बनते ही गुकेश की आंखों से आंसू निकल आए। वह फूट-फूट कर रोने लगे। गुकेश बोले- मेरे जीवन का बेस्ट मोमेंट मैच के बाद गुकेश ने कहा, 'लिरेन का ब्लंडर मेरे जीवन का बेस्ट मोमेंट रहा। जब उन्होंने ब्लंडर किया, तब मुझे समझ नहीं आया, मैं अपनी नॉर्मल चाल चलने वाला था। तभी मैंने देखा कि उनका हाथी मेरे हाथी के निशाने पर हैं। मैंने उसे मारा और अपने ऊंट से उनके ऊंट को मार दिया। मेरे पास एक प्यादा ज्यादा बचना ही था, आखिर में वह बचा और लिरेन ने रिजाइन कर दिया।' गुकेश चेस के वर्ल्ड चैंपियन बनने वाले भारत के दूसरे ही प्लेयर बने। 2012 में विश्वनाथन आनंद चेस चैंपियन बने थे। गुकेश ने 17 साल की उम्र में ऋ्रऋअ कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट भी जीता था। तब वह इस खिताब को जीतने वाले भी सबसे युवा प्लेयर बन गए थे। गुकेश ने आज 14वां गेम जीता और एक पॉइंट की बढ़त लेकर स्कोर 7.5-6.5 कर दिया।

# छत्तीसगढ़ में तेजी से पूरी हो रही है पीएम मोदी की गारंटीः सीएम साय

**» बिलासपुर को 452 करोड़ के विकास कार्यो की सौगात : बाइक एम्बुलेंस सेवा के लिए जिला प्रशासन की मुख्यमंत्री ने की सराहना**



दबंग दुनिया ♦ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि हम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दी गई गारंटी को पूरी तेजी से पूरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज बिलासपुर जिले के तखतपुर विकासखंड के जेएमपी शासकीय स्कूल प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में बिलासपुर जिले को 451 करोड़ 25 लाख की लागत वाले 134 विकास कार्यो के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित 3 हजार 883 हितग्राहियों को सामग्री एवं चेक का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर तखतपुर विधायक श्री धरमजीत सिंह के अनुरोध पर तखतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बेड संख्या 30 से बढ़ाकर 50 बेड करने, तखतपुर में चौपाटी निर्माण के लिए 1 करोड़, तखतपुर में बाबा गुरूघासीदास जयंती उत्सव के लिए 5 लाख रुपए देने सहित अन्य महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के चयनित 142 कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपा।

कार्यक्रम में केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने की। उन्होंने बाइक एंबुलेंस की सेवा के लिए जिला प्रशासन की सराहना की। उन्होंने कहा कि बिलासपुर जिले के कोटा विकासखंड में बाइक एम्बुलेंस की सुविधा मार्च महीने से शुरू होने से अब तक 4089 मरीजों को इसका सीधा लाभ मिला है। इसमें सभी वर्ग के मरीज शामिल हैं। बाइक एम्बुलेंस गर्भवती महिलाओं के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, बच्चों के टीकाकरण और मौसमी बीमारियों के उपचार के लिए भी उपयोग में लाया जा रहा है। बाइक एंबुलेंस के जरिए वनांचल क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए केन्द्र तक लाया जाता है और शिशुवती माताओं को प्रसव के बाद सुरक्षित घर भी पहुंचाया जाता है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शराब घोटाला, कोयला घोटाला की संभावना को हमने सुशासन के जरिए रोका है। प्रधानमंत्री की घोषणा के अनुरूप पीएससी की सीबीआई जांच शुरू हो गई है। लोक सेवा आयोग की परीक्षा पूरी तरह से निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई है, जिसके चलते किसान मजदूर गरीब के बेटे आज बड़े-बड़े पद पर चयनित हुए हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बिलासपुर एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग की सुविधा जल्द मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि डबल इंजन की सरकार का फायदा राज्य को मिल रहा है। हमारी सरकार मजबूती से नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है। सरकार ने मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने का बीड़ा हमने उठाया है। नियद नेल्ला नार योजना के तहत घोर नक्सली एरिया में हमने विकास की रोशनी पहुंचाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के एक साल पूर्ण होने पर जनादेश तिहार के रूप में इसे मनाया जा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय विकास एवं शहरी राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने कहा कि हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार बनते ही हमने 18 लाख आवास गरीबों को स्वीकृत किया गया। किसानों को 2 साल का बकाया बोनस भी एकमुश्त दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने कहा कि आज का यह दिन ऐतिहासिक है जब मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जिले को 452 करोड़ के विकास कार्यो की सौगात दी है। हमारी प्रतिबद्धता जनता और विकास के कार्यो के प्रति है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्री लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक सर्वश्री धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

**प्रदेश की जीडीपी को वर्ष 2028 तक दस लाख करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य**

# जनता में विश्वास कायम करना हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि : सीएम साय

दबंग दुनिया ♦ रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि हमारी सबसे बड़ी चुनौती जनता में विश्वास को कायम करने की थी। अब अपनी सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर मुझे यह बताते हुए संतोष हो रहा है कि मोदी की गारंटी के रूप में किए सभी बड़े वादों को पूरा कर हमने जनता के विश्वास को कायम रखा है। श्री साय आज सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया प्रतिनिधियों को स्थानीय न्यू सर्किट हाउस में संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 13 दिसम्बर को हमारी सरकार का पहला साल पूरा हो रहा है। विगत एक वर्ष में छत्तीसगढ़ प्रदेश ने विकास के अनेक नये आयाम स्थापित किए हैं। हमने बीते एक साल को विश्वास का वर्ष घोषित किया है। वास्तव में प्रदेश में पूर्ववर्ती सरकार के पांच वर्ष का समय विश्वास के संकट का समय था। पूर्ववर्ती सरकार ने जन घोषणा पत्र में किए गए लगभग सभी वादों से मुकरते हुए न केवल प्रदेश के लिए बल्कि पूरे लोकतंत्र के लिए ही भरोसे का संकट पैदा कर दिया था।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सबसे बड़ी चुनौती जनता में इस विश्वास को कायम करने की थी। अब एक वर्ष पूरे होने पर जब आपके माध्यम से जनता के समक्ष हमारी पूरी सरकार रिपोर्ट कार्ड लेकर प्रस्तुत हुई है, तो मुझे यह बताते हुए संतोष हो रहा है कि ह्यमोदी की गारंटीह्व के रूप में किए सभी बड़े वादों को पूरा कर हमने इस विश्वास की बहाली की है। हमें प्रदेश की महतारी-बहनों को, किसानों को, युवाओं को, आवास से वंचित कर दिए गए कमजोर वर्ग के लोगों से किए वादे को पूरा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान हमारी सरकार ने प्रदेश के नागरिकों से वादा किया था कि यदि हमारी सरकार बनी तो हम प्रदेश में सुशासन की स्थापना करेंगे। भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी व्यवस्था स्थापित करेंगे। सरकार बनते ही हमने भ्रष्टाचार के खिलाफ तत्परता के साथ कार्यवाही की। जो लोग भ्रष्टाचार के मामलों में लिप्त पाए जा रहे हैं, उन्हें जेल भेजा जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष हमारा सारा ध्यान जनता के विश्वास को बहाल करने पर था। अब इसी विश्वास की नींव पर छत्तीसगढ़ के विकास और समृद्धि रूपी शिखर का निर्माण करना है। हम छत्तीसगढ़ को विकसित बना कर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी के विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने में योगदान देने परिश्रम की पराकाष्ठा कर दिन-रात जुटे रहेंगे। आगामी 1 नवंबर 2025 को हम प्रदेश स्थापना की रजत जयंती मनाएंगे। हमने वर्ष 2028 तक प्रदेश की जीडीपी को दस लाख करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

### किसानो, गरीबो और महिलाओ से वादा पूरा

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमने किसानों से किया गया वादा पूरा करते हुए 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की रिकॉर्ड खरीदी की। हमने अपने वादे के मुताबिक किसान बंधुओं को दो साल के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपए का अंतरण भी किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की माताओं-बहनों से किए गए वादे को पूरा करते हुए तीन माह के भीतर ही महतारी वंदन योजना शुरू की गई। इसका लाभ 70 लाख माताओं-बहनों को मिल रहा है। अब तक इस योजना की 10 किश्तों में 6530 करोड़ रुपए अंतरित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद परिवारों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने के अपने वादे को पूरा करने के लिए सरकार बनने के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया। तेन्दूपत्ता संग्रहण दर 4 हजार रुपए मानक बोरा से बढ़ाकर 5 हजार 500 रुपए मानक बोरा कर दी गई है।

### पीएससी पर लौटा युवाओं का विश्वास

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य में नई शिक्षा नीति लागू करके शिक्षा को रोजगार परक बनाया है। राज्य की प्रतिभाओं को निखारने के लिए रायपुर के नालंदा परिसर की तर्ज पर प्रदेश की 13 नगरीय निकायों में हाईटेक लाइब्रेरियों के निर्माण का निर्णय लिया गया है। अपने वादे के मुताबिक हमने सीजीपीएससी परीक्षा प्रणाली को बेहतर बनाया है। पूरी पारदशिर्ता के साथ परीक्षाएं हुई और उनके परिणाम घोषित हुए। इससे राज्य की प्रतिभाओं का विश्वास सीजी पीएससी पर लौट आया है।

# एक देश-एक चुनाव बिल कैबिनेट से मंजूर, अगले हफ्ते संसद में लाया जाएगा, पास हुआ तो 2029 तक एक साथ देशभर में चुनाव

नई दिल्ली ♦ एजेंसी



केंद्रीय कैबिनेट से एक देश-एक चुनाव के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। सूत्रों ने यह दावा करते हुए बताया कि अगले हफ्ते बिल को संसद में पेश किया जा सकता है। सरकार इस बिल पर आम सहमति बनाना चाहती है, लिहाजा संसद से बिल को चर्चा के लिए जॉइंट पालियामेंट्री कमेटी के पास भेजा जाएगा। JPC इस बिल पर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करेगी।

इससे पहले सितंबर में केंद्रीय कैबिनेट ने वन नेशन-वन इलेक्शन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। कैबिनेट मीटिंग के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि ह्यपहले फेज में विधानसभा और लोकसभा चुनाव साथ होंगे। इसके बाद 100 दिन के भीतर दूसरे फेज में निकाय चुनाव साथ कराए जाएंगे।

### बिल पास हुआ तो 2029 तक वन नेशन-वन इलेक्शन, 3 पॉइंट

कमेटी की रिपोर्ट के मुताबिक, एक देश-एक चुनाव लागू करने के लिए कई राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल घटेगा। जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव 2023 के आखिर में हुए हैं, उनका कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है।
विधि आयोग के प्रस्ताव पर सभी दल सहमत हुए तो यह 2029 से ही लागू होगा। इसके लिए दिसंबर 2026 तक 25 राज्यों में विधानसभा चुनाव कराने होंगे।

### पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद रिपोर्ट सौंप चुके

वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 2 सितंबर 2023 को एक पैनल बनाया गया था। इस पैनल ने स्टेकहोल्डर्स-एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद 191 दिन की रिसर्च के बाद 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी।






# सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल होकर नव दंपत्तियों को मुख्यमंत्री ने दिया आशीर्वाद

दबंग दुनिया ♦ रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कोरबा प्रवास के दौरान सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में शासकीय विभागो के द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति के 3 हितग्राहियों को आवास की खुशियों की चाबी सौंप कर गृह प्रवेश के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को अनुदान राशि के चेक और सामग्री प्रदाय की।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जिला पंचायत के स्टॉल में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत अजगरबहार की दुखी बाई बिरहोर, रामधर बिरहोर और सुमति बाई कोरवा को नए आवास की चाबी प्रदाय की और गृह प्रवेश हेतु शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना के तहत मेमबाई राठौर,गनेशी चंद्रा और राजमति को आवास की चाबी प्रदान की।

मुख्यमंत्री ने आरती सिदार को श्रमिक पंजीयन कार्ड प्रदाय किया। रेशम विभाग के तहत कोसा उत्पादन करने वाले स्वसहायता समूह के सदस्यों, अधिकारियों ने शाल और श्रीफल प्रदाय करके मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने रेशम विभाग से कोसाफल उत्पादन के भुगतान हेतु पांच लाख 64 हजार रुपए कि राशि का चेक समूह की महिला सदस्यों को प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 5 स्वा सहायता समूहों को 30-30 लाख रुपए के चेक दिए। उन्होंने समाज कल्याण विभाग से दिव्यांग दुर्गेश्वरी बरेठ,एवं झूमन दास को मोटराइज्ड ट्राईसायकल देकर प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को मेट प्रदाय किया। उन्होंने पशुधन विकास विभाग के तहत राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना, गोपालन से सुभद्रा राठिया को 93 हजार 200 रुपए अनुदान राशि का चेक देकर उत्साहवर्धन किया।

Scanned with OKEN Scanner

### प्रदेश सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में ज्ञापन के साथ आईना भेंट किया

# किसानों, युवाओं और महिलाओं के सम्मान में युवा कांग्रेस ने किया कलेक्टोरेट कार्यालय का घेराव

**दबंग दुनिया ◆ जांजगीर-चांपा**

प्रदेश भाजपा सरकार की किसानों, युवाओं, गरीबों से किये गए वादा खिलाफी के विरोध में प्रदेश युवा कांग्रेस के निर्देश पर जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष प्रिंस शर्मा के संयोजकत्व एवं जिले के कांग्रेस विधायक राघवेन्द्र सिंह, ब्यास कश्यप, इंका नेता गुलजार सिंह, जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष विवेक सिसोदिया व रफीक सिद्धिकी, जांजगीर नगर पालिका अध्यक्ष भगवानदास गढ़ेवाल, चाम्पा नगर पालिका अध्यक्ष जय थवाईत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, विधानसभा युंका अध्यक्ष पंकज शुक्ला, युवा कांग्रेश प्रदेश महासचिव गौरव सिंह सहित जिले के अन्य प्रमुख नेताओं की उपस्थिति में हजारों की तादाद में उपस्थित युवा कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारियों एवं कांग्रेस कार्यकताओं की उपस्थति में विष्णुदेव साय के सुशासन के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुये भारी संख्या में उपस्थित पुलिसबल के बीच लगभग 3 किमी. पैदल मार्च कर कलेक्टोरेट कार्यालय का घेराव करने के



लिये बीडीएम बालोद्यान से निकले रास्ते में बनाये गए बैरिकेट को तोड़ते हुए एसपी बंगले के सामने बनाये गए बेरिकेट्स पर पुलिस से जमकर झुमाझपटी के बीच में सड़क पर बैठकर भाजपा सरकार के विरूद्ध वादा निभाओं, होश में आओ जैसे नारेबाजी करते रहे। इस बीच एडीएम एसपी वैद्य के धरने स्थल पर पहुँचने उपस्थित कांग्रेसजन विधायकों की उपस्थिति में महामहिम राज्यपाल के नाम विभिन्न मांगों की सूचीयुक्त ज्ञपन और आइना सौंपा गया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने प्रदेश की विष्णुदेव साय नेतृत्व वाली सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुये कहा कि 1वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश की विष्णु के सुशासन वाली सरकार की पोल खुलने लग गई है।

चुनाव पूर्व किसानों, युवाओं से किये गये वादों एवं गारंटियों को पूरा करने में नाकाम साबित हुई है। 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी एवं 3100/- रुपए प्रति एकड़ की दर से एक मुश्त भुगतान करने का मोदी गारंटी पूरी तरह से फेल हो गया है। मंडियों एवं धान खरीदी केन्द्रों में अन्नदाता किसानों को दो चार होना पड़ रहा है। प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है। छत्तीसगढ़ मणीपुर बन चुका है। सरकार अपराध रोकने में नाकाम साबित हो चुकी है। युवाओं को प्लेसमेंट कर्मचारियों को बड़े बड़े सपने दिखाकर सत्ता पर काबिज होने के बाद उनके सपने चूर-चूर हो चुके हैं। प्रदेश की अन्य समस्याओं के साथ स्थानीय समस्याओं में नैला ओव्हरब्रिज निर्माण, लम्बित जल आवर्धन योजना का कार्य पूर्ण करने, जिला मुख्यालय के मुख्य मार्ग के किनारे बड़ी नाली का निर्माण नगर पालिका जांजगीर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही, विष्णु के सुशासन में बढ़ रहे प्रशासनिक आतंक तथा नगर बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार किये जाने की मांग की गई है।इस दौरान प्रमुख रूप से महामंत्री शिशिर द्विवेदी, भोलू यादव, राजा सिद्धिकी, विष्णु यादव, रामविलास राठौर, नगर कांग्रेश अध्यक्ष संतोष पप्पू शर्मा, नागेन्द्र गुप्ता, हरदेव देवांगन, डॉ. परस शर्मा, सुनील साधवानी, बुद्ध सेवक देवांगन, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा शर्मा, ज्योति किशन कश्यप, भैरव मिश्रा, हेमलता राठौर, मनोरमा पाटेकर, निर्मला बरेठ, आकाश तिवारी, प्रिया सिंह ठाकुर, वर्षा सिंह राजपूत, संतोषी राठौर, उत्तम पाटले, सौरभ सिंह बाबा, सुशांत सिंह, संदीप यादव, गोविन्द कश्यप, बबला महाराज,अनिल राठौर, अजीत सिंह राणा, मुस्कान परवीन, गगन गुरूद्वान, हर्षवर्धन सिंह, संतोष दुबे, दिलीप कश्यप, खगेन्द्र कश्यप, प्रशांत सिंह, सौरभ सिंह, राजा खान, शहबाज सिद्धिकी, परस यादव, प्रदीप यादव, रवि प्रकाश पाण्डेय, नरसिम्हा यादव, योगेशजलतरंग, अमर रोहिदास, प्रियंका ठाकुर, महेत्तरू यादव, आरती सिदार, रजनी सूर्यवंशी,लच्छीराम लदेर, शांति कुमार साहू, अरमान खान, गुड्डू पठान, अतीक कुरैशी, मनीषा धीवर, संस्कार राठौर, अखिलेश मिश्रा, पूजा साहू, प्रदीप यादव, शांति कुमार राज, जितेन्द्र वर्मा, अभिषेक राठौर, शाहरूख खान, गोविन्द केशरवानी, सुभांकर सिंह, दिनेश पाण्डेय,रफीक खान, संतोष यादव, देवेन्द्र विजय, दुष्यंत यादव, पुष्पेन्द्र गढ़ेवाल, जयंत कुमार,अखिल गढेवाल राहुल रात्रे, सुरेन्द्र रत्नाकर, लाला जायसवाल, सुरेश यादव, आकाशसिंह, अभिषेक सिंह सहित सैकड़ों की तादाद में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# इलाज में ई 4 ग्रेड तक के रिटायर्ड अफसर एसी रूम की ले सकेंगे सुविधा

## चिकित्सा सुविधा में किया गया संशोधन

**दबंग दुनिया ◆ कोरबा**

कोल इंडिया और उसकी सहायक कम्पनियों में सेवा प्रदान कर रिटायर हुए अफसरों की चिकित्सा सुविधा में कुछ संशोधन किए गए हैं। पिछले माह 18 नवंबर से लागू नए आदेश के अनुसार अगर अस्पताल दाखिल हुए तो ई 4 ग्रेड तक के रिटायर्ड अफसर इनडोर उपचार में ट्विन शेयरिंग एसी रूम की फेसिलिटी प्राप्त कर सकेंगे।

कोल इंडिया की सहायक कम्पनियों अंतर्गत कुल चार श्रेणियों के लिए जारी आदेश में सेवानिवृत्त बोर्ड स्तर के अधिकारी से लेकर ई 4 ग्रेड तक के सेवानिवृत्त अधिकारियों के लिए लागू की गई गाइडलाइन पेश की गई है। इसमें बताया गया है कि सेवानिवृत्त अधिकारियों के लिए सीपीआरएमएसई (सीआईएल और उसकी सहायक कंपनियों के अधिकारियों के लिए अंशदायी सेवानिवृत्ति पश्चात चिकित्सा योजना) के अंतर्गत आवास की पात्रता में संशोधन किया गया है। 18 नवंबर 2024 के संदर्भ संख्या 1287 द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, सेवानिवृत्त अधिकारियों के लिए सीपीआरएमएसई के अंतर्गत आवास की पात्रता को संशोधित किया गया है। संशोधित अधिकार 18 नवम्बर से प्रभावी होंगे जो कि आदेश की तारीख है। यह संशोधन सीपीआरएमएसई के खंड 3.2.1(बी) के अंतर्गत पूर्ववर्ती अधिकारों का स्थान लेता है। 18 नवंबर से पहले जारी किए गए सेवानिवृत्ति पश्चात चिकित्सा कार्ड में इनडोर उपचार के लिए आवास की पूर्व-संशोधित पात्रता का उल्लेख है। सभी संबंधितों से अनुरोध किया गया है कि है कि वे संशोधित पात्रता के अनुसार इनडोर उपचार के लिए आवास प्रदान की व्यवस्था सुनिश्चित करें। आदेश में कहा गया है कि सभी संबंधितों को इस संशोधित पात्रता संरचना का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाता है। यह सक्षम प्राधिकारी महाप्रबंधक (पी/पीसी), सीआईएल के अनुमोदन से जारी किया गया है।

# डोलोमाईट खदानों पर कार्रवाई का अकलसरा क्षेत्रवासियों को इंतजार

■ नियम कानून को ताक पर रखकर किया जाता है परिवहन

**दबंग दुनिया ◆ जैजैपुर**

अकलसरा क्षेत्र में डोलोमाईट खदानों से निकलने वाली गाडियों के बेतरतिब परिवहन से अब क्षेत्रवासी भी परेशान हो गए हैं। लोगों को इन वाहनों व खदानों पर कार्रवाई का इंतजार है, लेकिन खनिज नवगठित जिले के जिला प्रशासन अवैध खदानों व उससे निकलने वाले खनिज के अवैध परिवहन को गंभीरता से ले नहीं रही है।

विदित हो कि नवगठित सक्ती जिले के जैजैपुर विकासखंड में स्थित ग्राम अकलसरा में डोलोमाईट की अवैध खदानों काफी बड़े स्तर पर संचालित हो रही है। खनिज तस्करों द्वारा बेखौफ होकर इन खदानों से उत्खनन कर परिवहन कर रहे हैं।गलत तरीके से प्रशासन से लीज मतलब अवैध खनिज होने के कारण खदानों से निकलने वाली गाडियां बेतरतिब तरीके से सड़कों पर जाती है जिसके कारण कई बार हादसे होते हैं तो वहीं कई बार अनहोनी होने का भय लोगो को



सताता है। नियम कानून को दरकिनार करते हुए बिना तिरपाल ढके खुले व कंडम हैव्वा में अवैध खनिज का परिवहन किया जाता है। इससे क्षेत्र की कच्ची सड़के पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। क्षेत्र की पूरी सड़क गड्ढों से पटा हुआ है। जिसे देखते हुए अब क्षेत्रवासी भी इन खदानों व खदानों से निकलने वाले वाहनों के परिवहन पर कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

### कंडम वाहन में करते हैं परिवहन

इस क्षेत्र में रात से सुबह 8 बजे के बाद आम तौर पर यह देखने को मिलता है कि अवैध खदानों से बिना कंडम वाहन से डोलोमाईट का परिवहन किया जाता है। किसी वाहन में नंबर प्लेट नहीं रहता है,तो किसी वाहन में साफ साफ नम्बर प्लेट नही दिखता है ताकि गाड़ी पकड़ाने पर वाहन स्वामी का नाम सामने न आए।

### जैजैपुर से बाराद्वार रोड में खनिज चौकी खोलने की जरूरत

खनिज विभाग की जांच चौंकी इस रोड़ में एक भी नही है और डोलोमाईट के करीब अनेको गलत तरीके से लीज लेकर यानी अवैध खदान अकलसरा व आस-पास क्षेत्र में ही संचालित हो रहा है। जिसके कारण यहां से निकले अवैध खनिज या ओभर लोड को वही के क्रशरों में खपा दिया जाता हैं।

# सिविल लाइन थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक

## एक ही रात में दो दुकानों को चोरों ने बनाया निशाना

**दबंग दुनिया ◆ कोरबा**

जिले में चोरों की सक्रियता एक बार फिर से बढ़ गई है। ठंड बढ़ने का फायदा उठाकर चोर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने में लगे हुए है। 24 घंटे के भीतर अज्ञात चोरों ने कोसाबाड़ी चौक पर संचालित दो दुकानों का ताला तोडकर हजारों की चोरी कर ली। चोरों ने डेली निड्स और पान मसाला की दुकानों को निशाना बनाया है। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है।

सिविल लाईन थानांतर्गत कोसाबाड़ी चौक पर संचालित दो दुकानों में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर हजारों के माल पर हाथ साफ कर दिया। 24 घंटे के भीतर चोरी की दो घटनाएं हुई है। ठंड बढ़ने का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने डेली निड्स की दुकान और एक पान मसाला दुकान से लगभग 30 हजार नकदी रकम पार करने के साथ ही दुकान में मौजूद सामान को भी पार कर दिया है। संचालकों को बुधवार की सुबह करीब दस बजे चोरी की जानकारी हुई। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। जिन दो दुकानों को चोरों ने निशाना बनाया है उसकी दूरी पुलिस थाने से महज डेढ़ किमी है,ऐसे में पुलिस की रात्रि गश्त पर भी सवाल उठने लगे है। पास में ही सीसीटीवी कैमरा लगा है। पुलिस चाहे तो कैमरे में कैद फुटेज के आधार पर चोरों को चंद घंटे में पकड़ सकती है। बहरहाल दो चोरियों से दुकानदार काफी आक्रोशित हैं और पुलिस से चोरों को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग कर रहे हैं।



## उपनिरी. सागर पाठक थाना प्रभारी शिवरीनारायण हुए निरीक्षक के पद पर पदोन्नत

**जांजगीर-चांपा।** पुलिस मुख्यालय रायपुर स्थापना बोर्ड के मुताबिक आदेशानुसार उपनिरी. सागर पाठक जो वर्तमान में थाना प्रभारी शिवरीनारायण में पदस्थ है जिसको निरीक्षक के पद पर पदोन्नत कियें जाने पर पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चाम्पा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर द्वारा स्टार लगाकर बधाई दी गई।

# राजेश्री महन्त ने किया श्याम होलसेल एवं उषा राईस मिल का शुभारंभ




**दबंग दुनिया ◆ जांजगीर-चांपा**

महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने दिनांक 12 दिसंबर 2024 को केरा रोड शिवरीनारायण में श्याम होलसेल तथा जांजगीर के पास सुकली ग्राम में उषा राईस मिल का शुभारंभ किया। श्याम होलसेल के संचालक वीरेंद्र तिवारी जी एवं उषा राईस मिल के प्रबंधक लक्ष्मी सिंह चंदेल को उन्होंने भगवान शिवरीनारायण का तैल चित्र भेंट किया, शुभकामनाओं सहित आशीर्वाद प्रदान की एवं उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। उपरोक्त कार्यक्रम में महाराज जी का स्वागत आयोजक परिवारों ने पुष्पमाला पहनकर आतिशबाजी के साथ की। इन दोनों कार्यक्रमों में विशेष रूप से क्रमशः योगेश शर्मा, पवन सुल्तानिया, देबू सेठ, सिसोदिया जी, सुखराम दास जी, त्यागी जी महाराज, सुबोध शुक्ला, ज्ञानेश शर्मा, रामखिलावन तिवारी, सुखुराम पटेल,जगदीश यादव, प्रतीक शुक्ला, तथा जनपद सदस्य कमलेश सिंह, श्रीपाल सिंह, सुंदर सिंह, श्रवण सिंह, रविंद्र सिंह, तारकेश्वर सिंह, राकेश सिंह अनूप सिंह, मल्लू सिंह, तोमर सिंह, किशन सिंह, गुल्ला सिंह एवं मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला आज

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन बलौदा विकासखण्ड के ग्राम बसंतपुर में 13 दिसंबर 2024 दिन शुक्रवार को सुबह 10.30 बजे से सायं 04 बजे तक जिला स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला आयोजित है।

जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि आयुष स्वास्थ्य मेला में जनजागरूकता शिविर के साथ रक्ताल्पता, वातरोग, मधुमेह, दमा, उदर रोग, उच्चरक्तचाप, मलेरिया, बवासीर, चर्मरोग, बालरोग, स्त्री रोग, एवं वृद्धावस्थाजन्य रोगो का आयुष चिकित्सा पद्धति से उपचार कर निःशुल्क औषधि वितरण, आयुर्विद्या, योग, प्रकृति परीक्षण किया जायेगा। आयुष स्वास्थ्य मेला में डॉ मनीष खरे, डॉ अमित मिरी, डॉ. सतीश समदर्शी, डॉ शैलेष कुमार थवाईत, डॉ गुलशन डनसेना, डॉ श्रुति थवाईत, डॉ रितु श्रीवास्तव, डॉ अर्चना एक्का, डॉ अलिजा खुंटे, डॉ आयुष ज्योति एवं डॉ उषा अग्रवाल अपनी सेवाएं देगें। आयुष स्वास्थ्य मेला के नोडल अधिकारी डॉ मनीष खरे, डॉ अमित मिरी रहेंगे। उन्होंने जिलेवासियों से अपील किया गया है कि आयुष स्वास्थ्य मेला में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयुष चिकित्सा का लाभ प्राप्त करें।

# हाईस्कूल मैदान में हुआ फुटबॉल लीग का आगाज



**दबंग दुनिया ◆ जांजगीर-चांपा**

हाईस्कूल मैदान जांजगीर में स्व कुमारी भुनेश्वरी चौबे राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी की स्मृति में हसदेव स्टार स्पोर्टिंग क्लब जांजगीर द्वारा आयोजित 5ए साइड रात्रि कालीन फुटबॉल लीग का आयोजन किया जा रहा है। जिसके उद्घाटन में जांजगीर विधायक व्यास कश्यप की मुख्य अतिथि एवं अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि भगवानदास न. पा. अध्यक्ष, रमेश पैगवार, विवेक सिसोदिया, रफीक सिद्धकी, मनोज पांडेय, रोशन केशरवानी रामबिलास राठौर, प्रिंस शर्मा, आशीष राठौर, भोलू यादव, रवि पाण्डेय की उपस्थिति में हुआ। आगाज इस प्रतियोगिता में 6 टीमों के टीम मालिक एवं खिलाड़ियों को शामिल किया गया है इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में क्लब के राहुल भवानी, शैलेष, रवि, श्यामा, अंकित, दीपक राकेश, नीरज गिरी, वासु राठौर, विक्की, निगम,सुनील खरे, अमित, अमितेश राठौर, रवि श्रीवास , रंजीत, गौरेश, आदर्श, कुणाल, नीलेश मयंक, दुर्गेश आदि उपस्थित रहे, कार्यक्रम सफल संचालन एवं रोचक कमेन्ट्री अनिल राठौर अधिवक्ता ने किया।

# विकास की राह में आगे बढ़ रहा है कोरबा : विष्णुदेव साय

■ सर्वमंगला तिराहे के पास हसदेव नदी में रपटा निर्माण एवं एप्रोच रोड बनाने की घोषणा की

**दबंग दुनिया ◆ कोरबा**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सीएसईबी पूर्व फुटबॉल मैदान में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि ऊजार्जानी के पावन नगरी में 625 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन और शिलान्यास किया गया। यह एक बड़ी राशि है और इस राशि से जिले के विकास का और गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि जिले को डीएमएफ से बड़ी राशि प्राप्त होती है और इस राशि से जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के साथ अधोसंरचान्तमक विकास में खर्च किया जा रहा है। उन्होंने इसके लिए जिला प्रशासन को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से विवाह के बंधन में बंधने वाले 102 नव दांपत्य जोड़ों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 13 दिसम्बर को हमारी सरकार के कार्यकाल को एक वर्ष पूरे हो जायेंगे। इस अवसर को हम जनादेश परब के रूप में मना रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 'मोदी की गारंटी' पर काम करते हुए शपथ लेने के दूसरे दिन मंत्रिमंडल में निर्णय लिया और प्रधानमंत्री आवास निर्माण की स्वीकृति दी गई। आवास से वंचित हमारे प्रदेश के 18 लाख लोगों को आवास देने के लिए निर्णय लिया। आज भी आवास के हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया है। पीएम आवास के हितग्राहियों के पक्के मकान बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ और 3100 रुपए प्रति



क्विंटल की दर से धान खरीदी कर रहे हैं। 13 लाख से अधिक किसानों के दो साल का बकाया धान बोनस राशि 3716 करोड़ का भुगतान भी किया है। आदिवासियों के आमदनी का मुख्य जरिया तेंदूपत्ता की पारिश्रमिक दर 4 हजार से बढ़ाकर 5 हजार 500 रुपये किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश में सुशासन की दिशा में काम कर रही है और इसके लिए हम वचनबद्ध है। सरकार बनने के बाद पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच जारी है। जो भी दोषी होंगे, उन्हें बख्शा नहीं जायेगा। हमने प्रदेश में सुशासन देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कोरबा कोयले का भण्डार वाला क्षेत्र है। पहले डीएमएफ में भी गड़बड़ी होती थी। अभी गड़बड़ी करने वाले जेल में हैं। उन्होंने कहा कि सरकार डिजीटल, पारदर्शी व्यवस्था की दिशा में काम कर रही है, इस व्यवस्था से भ्रष्टाचार के लिए कोई जगह नहीं बचेगी। मुझे खुशी है कि डीएमएफ की राशि का सदुपयोग किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने डीएमएफ से हाईस्कूल के मेधावी छात्रों को प्रशिक्षण के लिए बाहर भेजे जाने, आठवीं तक के स्कूली विद्यार्थियों को सुबह नाश्ता दिए जाने और चिकित्सकों एवं शिक्षकों की व्यवस्था तथा जिले में किए गए नवाचार के लिए जिला प्रशासन के कार्यों की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को वन अधिकार पत्र, नगरीय निकाय क्षेत्र पाली के 32 हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र दिए जाने की बात कहते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा पीवीटीजी क्षेत्रों के विकास के पीएम जनमन योजना शुरू की गई। इस योजना से जिले के पीवीटीजी परिवारों को बिजली, पानी, सड़क सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं मिल रही है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आदिवासी समुदाय के लोगों के विकास के लिए बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका में सुधार करने के लिए 80 हजार करोड़ रुपए का बजट रखा है, इस योजना में छत्तीसगढ़ के 6 हजार 500 गांव भी शामिल है और इस क्षेत्र के परिवारों को भी लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश में लागू नई उद्योग नीति के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि इस नीति से प्रदेश के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति युवाओं, अग्निवीर की सेवा देने वाले सहित अन्य को लाभ मिलेगा। सिंगल विण्डो सिस्टम से एक जगह से आवेदन करने की सुविधा होगी।

Scanned with OKEN Scanner


विष्णु के सुशासन से सँवर रहा छत्तीसगढ़
सुशासन और विश्वास के
जनादेश के 1 वर्ष
भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं
केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री
श्री जेपी नड्डा जी
का छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर
हार्दिक अभिनंदन...
जनादेश
परब
विशाल
जनसभा
दोपहर 02:00 बजे
साइंस कॉलेज मैदान, रायपुर
श्री जेपी नड्डा जी
के करकमलों द्वारा
स्मृति मंदिर
का
लोकार्पण
सायं 04:30 बजे
भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय
कुशाभाऊ ठाकरे परिसर, रायपुर, छत्तीसगढ़
स्मृति मंदिर
भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़

# सड़क निर्माण के दौरान उड़ रही धूल, हजार लोग हो रहे बीमार

## नही किया जा रहा पानी का छिड़काव डीएवी स्कूल के बच्चे को जान हथेली में रख कर करते है जाना आना


-रमेश कागदेलवार

दबंग दुनिया ◆ दंतेवाड़ा

किरंदुल से दंतेवाडा तक लगभग 40 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण नाहर कंस्ट्रक्शन कंपनी दुर्ग द्वारा लोगों की सुविधा के लिए किया जा रहा है लेकिन ठेकेदार की लापरवाही से गाड़ी चलते ही धूल का घना गुबार उड़ता हैं, जो राहगीरों के लिए जी का जंजाल बन गया है। क्षेत्र में दिनभर धूल और मिट्टी से स्कूल आने जाने वाले बच्चे, कर्मचारी, अधिकारी, आम जनता, सड़क किनारे स्थित दुकान व घर के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है इस कारण लोग खांसी, दमा के मरीज बन गए हैं। स्थानीय लोगों ने निमार्णाधीन सड़क पर पानी डालने की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है।

गौरतलब है कि सड़क पर उड़ने वाली धूल कुछ साल से स्थानीय लोगों की मुख्य समस्या में शुमार हो चुकी है। हवा में धूल का स्तर बढ़ने से लोग परेशान हैं। धूल के कारण लोग और वाहन चालकों का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। सेहत के नजरिए से भी लोगों की मुश्किल बढ़ रही है। सांस के जरिए शरीर में जा रही धूल से स्वास्थ्य संबंधी मामले भी बढ़ रहे हैं। धूल की समस्या की वजह से





लोग कई सालों से परेशानी का सामना कर रहे हैं। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने कलेक्टर से लेकर विधायक से शिकायत की है, लेकिन इसके बाद भी समस्या का निराकरण नहीं किया जा रहा है।

**अनियमितताओं को लेकर ग्रामीण दे चुके हैं ज्ञापन :** संबंधित कंपनी द्वारा रोड निर्माण के दौरान बरती जा रही अनियमितताओं को लेकर स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा एसडीएम , कलेक्टर और निर्माण कंपनी के अधिकारियों को ज्ञापन दिया गया है। लेकिन उसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

**कंपनी के अधिकारियों को निर्देश दिए जाए :** दंतेवाडा से किरंदुल मार्ग पर संबंधित कंपनी द्वारा उड़ते धूल रोकने के लिए नियमित पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है।

### एलर्जी के साथ खांसी, दमा और सांस की समस्या

दंतेवाडा से किरंदुल मार्ग से हर रोज 1 हजार से अधिक छोटे-बड़े वाहनों का जगदलपुर रायपुर ओडिशा आंध्र प्रदेश महाराष्ट्र आदि स्थानों पर आना जाना होता है। इसके अलावा इस मार्ग गीदम बालूद दंतेवाडा आदि के लोगों का कहना है कि इस रोड पर उड़ती धूल से खांसी, दमा, सांस, एलर्जी खुजली और फेफड़ों में इंफेक्शन की समस्या गांव के लोगों को होने लगी है। स्थिति यह है कि मुंह पर कपड़ा बांधकर चलने के बाद भी धूल के बारीक कण नाक और आंख में घुस जाते हैं।

### भारी वाहन निकलने से सड़क जर्जर, लगता है जाम

रेत-गिट्टी से भरे हाईवे, ट्रक लोहा गिट्टी निकलने से वह पूरी तरह से जर्जर हो गया है। स्थिति यह है कि सड़क के कई स्थानों पर गहरे गड्ढे हो गए हैं। बुधवार को मार्ग के सुबह 9.30 बजे एक नाले में एक ट्रक फंस गया। जिससे उस रोड पर ट्रैफिक जाम हो गया।

### नहीं हो रहा पानी का छिड़काव

स्थानीय निवासी रमेश कागदेलवार ईश्वर उईके महेश कुमार ठाकुर गोविंद देवागन शैलेश धीरेन्द्र पिंटू चिंटू आदि का कहना है कि रोड का निर्माण कर रही नाहर कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा रोड पर धूल दबाने के लिए पानी का छिड़काव नही किया जा रहा है। इस कारण से जब कोई बड़ा वाहन सड़क से निकलता है तो धूल की वजह से पीछे अन्य वाहन चालकों को आगे का कुछ दिखाई नही देता है। इस कारण से पिछले दो वर्षो में कई एक्सीडेंट भी हो चुके हैं। इसके अलावा रोड के किनारे बसे वार्ड के हजार ग्रामीण लोग धूल के कारण परेशान हैं।

### सिर्फ कुछ दिन डाला गया था पानी

स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ दिन पहले खबर छपने पर दंतेवाडा से करजेनार मार्ग पर पानी डालकर सड़क निर्माण करने वाली एजेंसी द्वारा अपने जिम्मेदारी से इतिश्री कर ली गई। उसके बाद फिर सड़क पर धूल ही धूल नजर आ रही है। जबकि सड़क निर्माण करने वाले को सुबह-शाम व दोपहर तीन समय सड़क पर पानी डालना अनिवार्य है। लेकिन निर्माण एजेंसी द्वारा ऐसा नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है।

मैं अभी ठेकेदार से बात कर पानी डालने के लिए बोलता हूं।
-भौरिया साहब एसडीओ पीडब्लूडी दंतेवाडा )

# पप्पू मण्डावी बनाये गए कोण्डागांव एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष



दबंग दुनिया ◆ केशकाल

कोण्डागाँव विधानसभा चुनाव खत्म होते ही कुछ ही महीनों बाद कांग्रेस के छात्र इकाई ठरवकभारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के कोण्डागाँव जिला बनने के बाद तीसरे जिला अध्यक्ष के रूप में पप्पू मण्डावी को जिम्मेदारी दिया गया है छत्तीसगढ़ ठरवक के प्रभारी आकाश चौधरी ने अपने लैटर हेड से राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के अनुमोदन और प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के सहमति से जिला अध्यक्ष कोण्डागाँव के रूप में नियुक्त किया है इससे पहले पिताम्बर नाग ठरवकके जिला अध्यक्ष रहे जो निर्वाचित होकर कोण्डागाँव जिला के प्रथम अध्यक्ष बने उनका कार्यकाल सात वर्ष का रहा। उसके बाद दुष्यंत राणा अध्यक्ष बने जिनका मात्र दो वर्ष का कार्यकाल रहा और उसे हटा कर छात्र संगठन जी जिम्मेदारी पप्पू मण्डावी को दिया गया जो कि ग्रामीण क्षेत्र से आते हैं और युवा में अच्छी पकड़ है ।

नये जिला अध्यक्ष पप्पू मण्डावी ने कहा- शीर्ष नेतृत्व ने जो जवाबदारी दिया है उसे मैं बहुत ही अच्छे से निभाने की कोशिश करूँगा और हमेशा छात्र हित मे खड़ा रहकर कार्य करूँगा और छात्रों की हक की लड़ाई हमेशा लडूंगा और में आभार प्रकट करता हु राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी का छत्तीसगढ़ प्रभारी आकाश चौधरी का कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज

अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन का युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा जी का ठरवक प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डे जी का आप सभी का बहुत बहुत आभार मेरे पर विश्वास जताने के लिए और अध्यक्ष बनने के बाद हमारे विधानसभा के वरिष्ट नेता श्री महेन्द्र नेताम जी प्रदेश अध्यक्ष राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश सचिव महंगू मरकाम जी, जेठू मण्डावी जिला अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस, राजेश नेताम अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी, श्रीमति प्रमिला मरकाम जी सदस्य जिला पंचायत, पिताम्बर नाग जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस कोण्डागाँव, चरण मण्डावी प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ, संजय मरकाम विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस, हीरासिंह नेताम अध्यक्ष सरपंच संघ,मिथलेश नेताम,राकेश कुंजाम, प्रवीण मरकाम से मिलकर नयी जिम्मेदारी के लिए फूलो का गुलदस्ता देकर आशीर्वाद लिए और सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आर्यन्स क्रिकेट क्लब नरहरपुर द्वारा आयोजित टेनिस बॉल प्रतियोगिता का गाजे बाजे के साथ हुआ समापन

दबंग दुनिया ◆ कांकेर/नरहरपुर

आर्यन्स क्रिकेट क्लब नरहरपुर द्वारा 4 दिसम्बर से आयोजित 6 दिवसीय टेनिस बॉल प्रतियोगिता का मांदरी नृत्य गाजे बाजे आतिशबाजी के साथ भव्य समापन बुधवार को उन्मुक्त खेल मैदान में किया गया।अतिथियों को विश्राम गृह से खेल मैदान तक मांदरी नृत्य के साथ स्वागत किया गया। जिसके बाद राष्ट्रगान के साथ फाइनल मैच का शुभारंभ किया गया। साथ नारायणपुर नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए वीर जवान बीरेंद्र शोरी एवं कोचवाहि के क्रिकेटर महेंद्र कुमार वट्टी का आकस्मिक निधन होने पर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। फाइनल मैच आर्यन्स क्रिकेट क्लब नरहरपुर और बांधा के मध्य खेला गया जिसमें नरहरपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया गया। यह मैच 8 ओवरों का खेला गया जिसमें बांधा की तीन निधारित 8 ओवरों में 82 रन बनाते हुए नरहरपुर के समक्ष 83 रनों का लक्ष्य रखा। नरहरपुर की टीम लक्ष्य का पीछा करने उतरी और आसानी से निर्धारित 7 ओवर में 10 विकेट से विजयी हासिल करते हुए फाइनल का किताब अपने नाम किया। वहीं दूसरे स्थान पर बांधा की टीम रही। वहीं तीसरे स्थान पर सरंगपाल एवं चौथे स्थान कोचवाहि की टीम रही। प्रथम पुरस्कार 50 हजार समिति द्वारा एवं द्वितीय पुरुस्कार 20 हजार महावीरम ज्वेलर्स पप्पी संचेती द्वारा तृतीय पुरूस्कार 7 हजार स्व. नाथूराम सलाम की स्मृति में नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारी सलाम द्वारा चतुर्थ पुरुस्कार 3500 रुपये दीपक वेल्डिंग वर्कशाप दीपक जैन द्वारा दिया गया।मैन ऑफ द सीरीज का पुरुस्कार बांधा टीम के पंकज को रेंजर सायकल लता ठाकुर द्वारा दिया गया। फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच आर्यन्स क्रिकेट क्लब नरहरपुर से रवि मंडावी को मोबाइल हैंडसेट दीपक मंडावी आर्मी द्वारा दिया गया। बेस्ट बेस्टमेन बांधा टीम के राकेश को शुभम सेन प्रदान कार्यालय के द्वारा दिया गया। बेस्ट बॉलर यंगस्टर टीम नरहरपुर के टीकू जयसवाल को साहू फेयरडील भूषण साहू द्वारा दिया गया। बेस्ट फील्डर यंगस्टर टीम नरहरपुर शेखर शोरी को वीआर फुटवेयर सम्राट कोमरा द्वारा दिया गया। बेस्ट विकेटकीपर आर्यन्स क्रिकेट नरहरपुर टीम के मुकेश मंडावी को कमला मोबाइल खिलेश साहू द्वारा दिया गया। बेस्ट एम्पायर कनक ध्रुव, वाशु सोम को डायमंड मेंस वियर डायमंड सिन्हा द्वारा दिया गया। बेस्ट कामेंट्टेटर उत्तम सिन्हा को डीएमएम टेलीकॉम विजयेंद्र शुक्ला द्वारा दिया गया। आदर्श टीम बांधा की टीम रही जिन्हें ड्रेस विकास वेल्डिंग वर्कशाप विकास जैन द्वारा दिया गया। बेस्ट कैचर आर्यन्स नरहरपुर टीम आनंद राजपूत को कमला केसरी वस्त्रालय रिंकू साहू द्वारा दिया गया। वहीं प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द ट्राफी रमेश दर्रो आर्मी द्वारा दिया गया। टीम को ड्रेस रामु हॉटल रामेश्वर साहू, यंगस्टर टीम को ड्रेस शोरी स्टेशनरी ऑनलाइन सेंटर अविनाश योगराज शोरी द्वारा दिया गया। ट्रेक शूट सिद्धि विनायक मेंस वियर एवं रौशन फुटवेयर रोशन सिंह द्वारा दिया गया। पार्षद भागवत शोरी के सहयोग से मैच लाइव प्रसारण यू ट्यूब चैनल आरके जूनियर इंजीनियर पर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारी सलाम रही। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ नागरिक रामभरोसा सिन्हा, श्यामलाल कुलदीप, उपाध्यक्ष दिनेश पटेल, ऋषभ पप्पी संचेती, भाजयुमो जिला मंत्री योगेश सोनवंशी, भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष गोपाल कृष्ण साहू, महामंत्री तरुण निषाद, जिला सह संयोजक झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ निरंजन सिन्हा, पार्षद गोदावरी विश्वकर्मा, एनएसयूआई नेता नारायण मरकाम, भाजपा कार्यकर्ता खेमराज सिन्हा सहित सदस्यों एवं व्यापारी बन्धुओ एवं अधिकारी कर्मचारियों नगरवासियों का सहयोग रहा।



## आत्मरक्षा प्रशिक्षण हेतु 16 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**कांकेर।** समग्र शिक्षा के तहत बालिकाओं को रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कराया जाना है। उक्त प्रशिक्षण एक माह (30 दिवस) के लिए होगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले के कुल 239 शासकीय हाई एवं हायर सेकेण्डरी तथा 546 पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कराया जाएगा। प्रशिक्षण हेतु योग्य अभ्यर्थियों से 16 दिसम्बर शाम 5 बजे तक कार्यालय जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा सह जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर में आवेदन पत्र आमंत्रित किया किया गया है। पूर्व में जो प्रशिक्षार्थी आवेदन प्रस्तुत कर चुके हैं, उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता नही है। उन्हांने बताया कि प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षकों के द्वारा जूडो, कराते, ताइक्वांडो, किक बॉक्सिंग, मॉर्शल आर्ट विधाओं में दक्ष प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

# जन सहयोग संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी द्वारा 149वीं लावारिस लाश की अंत्येष्टि

दबंग दुनिया ◆ कांकेर



शहर तथा प्रदेश की सुप्रसिद्ध समाजसेवी संस्था 'जन सहयोग' द्वारा आज एक और लावारिस व्यक्ति की अंत्येष्टि किए जाने के साथ ही संस्था का कीर्तिमान 149 तक पहुंच गया है। आज की घटना इस प्रकार है कि इंदिरा आवास मोहल्ले में रहने वाले 95 वर्षीय जगदेव मरकाम की सुबह सवेरे मृत्यु हो गई। इनका आगे- पीछे कोई भी नहीं था , 35 किलोमीटर दूर स्थित जामगांव से आकर जगदेव यहां बसे हुए थे और कच्चे मकानों में खपरा छाने का काम करते थे। उम्र अधिक हो जाने के कारण काम नहीं मिलने से उन्हें भीख मांग कर खाना पड़ता था। उनकी रिश्ते की छोटी बहन कभी-कभी आकर उन्हें देख जाया करती थी। वह भी इतनी गरीब है कि जगदेव के अंतिम संस्कार के लिए उसके पास कुछ भी नहीं था। ऐसी स्थिति में मोहल्ले वालों ने 'जन सहयोग' संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी से संपर्क किया और उनकी प्रार्थना को स्वीकार करते हुए ₹जन सहयोग₹ के सदस्य फौरन इंदिरा आवास पहुंच गए तथा उनकी बहन को दिलासा देते हुए मृतक जगदेव के अंतिम संस्कार का सारा प्रबंध कर दिया। इस पुण्य कार्य में 'जनसहयोग' संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के अलावा डॉक्टर श्याम देव, अरविंद चौहान , प्रवीण गुप्ता एवं संरक्षक नरेंद्र दवे वकील साहब शामिल हुए। इंदिरा आवास के सहयोगियों में सोप सिंह पोटाई कनेश सलाम, गौतम साहू, सुखलाल मंडावी, राहुल सिंह, राखी सिंह तथा पंजाबी काका अंत्येष्टि में शामिल हुए। शहर वासियों ने 'जन सहयोग' संस्था के इस सामाजिक कार्य की अत्यंत सराहना तथा प्रशंसा की है। उल्लेखनीय है कि अजय पप्पू मोटवानी अपनी संस्था के साथियों सहित विगत अनेक वर्षों से लावारिस लाशों की अंत्येष्टि का प्रबंध अपने खर्चे पर करते आ रहे हैं और अब तक यह संख्या 149 तक पहुंच चुकी है।

# 85 वाहिनी केरिपु बल जरूरतमंद ग्रामीणों को सर्दियों के लिए कपड़े व साइकिल वितरण किया

दबंग दुनिया ◆ बीजापुर



जिला बीजापुर के थाना गंगालूर के अतिसवेंदनशील क्षेत्र में तैनात 85 वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वारा अपने अतिसंवेदनशील परिचालनिक क्षेत्र ए0/जी0 समवाय, 85 वी0 वाहिनी मुतवंडी में 12 दिसंबर 2024 को सुनील कुमार राही कमाण्डेंट 85 वाहिनी, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की उपस्थिति/निर्देशन में, अनीश सैनी सहायक कमाण्डेंट, निरीक्षक ईन्द्रमनी राय, एवं जवानों द्वारा मुतुवंडी के चिनपारा, पटेलपारा, नयापारा एवं सरपंचपारा के जरूरतमंद ग्रामीणों को सर्दियों के लिए कपड़े व साइकिल वितरण किया गया, साथ ही सुनील कुमार राही कमाण्डेंट 85 वाहिनी, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने सभी ग्रामीणो को आश्वस्त किया कि इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन भविष्य में समय समय पर किया जाता रहेगा।

# संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन आज से



दबंग दुनिया ◆ कांकेर

संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन 13 से 15 दिसंबर तक जगदलपुर में आयोजित होगा। इस प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए जिले के खिलाड़ियों को आज गुरूवार को कलेक्टर श्री नीलेश कुमार क्षीरसागर ने हरी झण्डी दिखाकर जगदलपुर के लिए रवाना किया। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि जूनियर बालक-बालिका 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग तथा सीनियर वर्ग महिला-पुरूष 17 वर्ष व उससे अधिक संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक-2024 भाग ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम, क्रीड़ा परिसर धरमपुरा एवं खेलो इंडिया हॉकी सेंटर पण्डरीपानी जगदलपुर जिला बस्तर के खेल मैदान में सम्पन्न होगी, जिसमें विभिन्न खेल शामिल है। यह भी बताया गया कि प्रतियोगिता में एथलेटिक्स 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, रिले रेस 4ग100ए गोला फेंक, तवा फेंक, ऊंची कूद, लम्बी कूद, तीरंदाजी, 30 एवं 50 मीटर, बैडमिंटन, फुटबॉल, कराते, कबड्डी, खो-खो, व्हालीबॉल, वेटलिफ्टिंग, हॉकी एवं रस्साकसी (महिला सीनियर वर्ग) जैसे 11 खेल आयोजित होगी। संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बालक-बालिका एवं महिला-पुरूष 331 प्रतिभागी एवं 36 कोच/मैनेजर सम्मिलित होंगे तथा विशेष रूप से माओवाद प्रभावित दिव्यांग तथा आत्मसमर्पित माओवाद के मध्य भी यह प्रतियोगिता संभाग स्तर पर सम्मिलित किया जाएगा।

## नगरीय निकायों के वार्डो का आरक्षण 17 दिसम्बर को

**कांकेर।** नगरपालिका परिषद/नगर पंचायत निर्वाचन 2024 (नगर पंचायत नरहरपुर को छोड़कर) हेतु जिले के नगरीय निकायों के वार्डों का आरक्षण विहित प्राधिकारी कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा 17 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया जाएगा। इस दौरान विहित प्राधिकारी द्वारा नगरपालिका परिषद कांकेर के 21 वार्डों का आरक्षण किया जाएगा। इसी प्रकार नगर पंचायत भानुप्रतापपुर, अन्तागढ़, चारामा और नगर पंचायत पखांजूर के 15-15 वार्डों हेतु आरक्षण की प्रक्रिया सम्पन्न होगी।

# मजदूर अधिकार रैली श्रम कानूनों का पालन करने की मांग पर दिखा मजदूरों में आक्रोश

दबंग दुनिया ◆ कांकेर




आज जिला के श्रमिकों ने जिला में श्रम कानूनों को पालन करने ,निर्माण श्रमिकों के योजनाओं में कटौती के खिलाफ रैली निकालकर जिलाधीश कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

रैली शहर के मुख्य मार्गो से होता हुआ जिलाधीश कार्यालय पहुंचा ऐसे मजदूर संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल ने डिप्टी कलेक्टर से मिलकर शासन स्तर से संबंधित एवं जिला स्तर की समस्याओं पर ज्ञापन सौंपा गया।

अधिकारी के साथ हुई चर्चा के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासनिक अधिकारी से जिला के सभी निकायों में किस तरह से श्रम कानूनों का उल्लंघन हो रहा है उसका विस्तार से बताया। प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारी को बताया कि नगर पालिका और नगर पंचायतों में मजदूरों से 16 से 20 घंटे तक काम करवाया जाता है लेकिन उनको ओवरटाइम का भुगतान नहीं किया जाता है। कर्मचारियों को एक दो माह बिलंब से वेतन मिलता है। किसी भी कर्मचारी का भविष्यनिधि और ई एस आई का राशि नियमित जमा नहीं होने के कारण उन्हें मेडिकल और पेंशन की सुविधा से वंचित होना पड़ता है।

प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन को यह भी याद दिलाया कि इसके पूर्व जिला कलेक्टर ने एक जांच समिति का गठन कर तीन दिवस के भीतर जांच रिपोर्ट जमा करने का आदेश किया था लेकिन दस दिन बाद भी यह जांच रिपोर्ट सामने नहीं आया।

प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका के गतिरोध को दूर करने के लिए जिला प्रशासन, पालिका के अधिकारी और श्रमिक संगठन के प्रतिधियों के बीच त्रिपक्षीय वातार्लाप प्रारंभ करने पर जोर दिया।

प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए कोलेक्टर ने शीघ्र ही जांच समिति रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही करने और वातार्लाप की बातों को स्वीकार किया।

प्रतिनिधिमंडल के साथ इस विषय पर फिर कल शाम को चर्चा करने बात कही।

प्रतिनिधिमंडल में सुखरंजन नंदी,नजीब कुरेशी,द्वारिका कोसरिया, भाव सिंह काश्यप,देवचंद भास्कर,धनंजय पटेल, ओम प्रकाश देवांगन,राम किशोर कोर्राम,अर्जुन साहू ,धर्मेंद्र साहू शामिल थे।

आज के रैली में रेखा बाल्मीकि,कुसुम बाल्मिकी,अरुण बाल्मीकि, गीता तिवारी,किशुन साहू,सत्येंद्र नाग,ईश्वर साहू,सूरज ठाकुर,कामेंद्र गिरी, आलो पाल,भूपेंद्र रामटेक,अनामिका मंडल, अर्चना पाल सहित भारी संख्या में कर्मचारी शामिल थे।

Scanned with OKEN Scanner

# तीन निमंत्रण पत्रों से हुई भ्रांति, आयोजनों में बनी उलझन



**दबंग दुनिया ♦ सक्ती**

हाल ही में सांस्कृतिक कार्यक्रम राउत नाच महोत्सव के लिए भेजे गए चार निमंत्रण पत्रों ने आमंत्रित लोगों में भारी भ्रम पैदा कर दिया। सभी निमंत्रण पत्र 11 दिसंबर 2024 को हुई राऊत नाच महोत्सव कार्यक्रम के लिए थी, लेकिन इनमें से प्रत्येक ने अलग-अलग अतिथियों की जानकारी प्रदान की थी।

कार्यक्रम का आयोजन जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय मैदान, सक्ति में होना निश्चित था, लेकिन उपस्थित लोगों को यह समझने में मुश्किल हो रही है कि उन्हें किस निमंत्रण पत्र के आधार पर कार्यक्रम में शामिल होना चाहिए। इसमें शामिल प्रमुख आयोजक और सांस्कृतिक हस्तियों के नाम भी भिन्न हैं, जिससे उपस्थितियों में और भी अधिक उलझन बढ़ गई है। इस घटना ने यह साबित कर दिया है कि किसी भी बड़े आयोजन को सफल बनाने के लिए सूचना का समुचित प्रबंधन बेहद आवश्यक है। उपस्थित लोगों की संख्या और सही दिशा में जानकारी प्रदान करना आयोजकों की प्राथमिकता है। इस प्रकार की भ्रांतियों से बचने के लिए आयोजकों को चाहिए कि वे सभी आवश्यक जानकारियों को स्पष्ट रूप से साझा करें, ताकि सभी प्रतिभागियों के लिए कार्यक्रम में भाग लेना आसान हो सके।

# अडानी माइंस के कर्मचारी का सड़क दुर्घटना में हुई मौत, वाहन अज्ञात, तत्काल राहत राशि मांग को लेकर नेशनल हाईवे में घंटों किया चक्का जाम

**दबंग दुनिया ♦ सूरजपुर**

जिले के प्रेमनगर विकास खंड के अंतर्गत ग्राम तारा में नेशनल हाईवे 130 में एक अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक उदयपुर विकास खंड में स्थित पीईकेबी कोल माइंस (आडानी माइंस) केते परसा का कमर्चारी था। जिसके राहत आपदा राशि तत्काल में मांग को लेकर बड़ी संख्या में रात्रि आक्रोशित ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे में चक्का जाम किया है। जिससे सैकड़ों की संख्या में वाहन खड़ी रही, ये जाम करीब 4 घंटे तक रहा, जिससे 10 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी लाइन रही। पुलिस एसडीओपी, एसडीएम के द्वारा समझाइश के बाद आंदोलन शांत हुआ है।

गौरतलब है कि प्रेमनगर उदयपुर विकास खंड के ग्राम केते, परसा में स्थिति पीईकेबी कोल माइंस (आडानी माइंस) का कमर्चारी मृतक सुदर्शन यादव उम्र 40 वर्षीय, ग्राम पतुरियाडांड, चौकी मोरगा का निवासी, माइंस में कार्य करके बीते 10 जुलाई को अपने हीरो बाइक स्प्लेंडर प्रो से अपने घर पतुरिया डांड जा रहा था कि तभी ग्राम पंचायत तारा में देर रात्रि करीब 9 बजे रात्रि में बाजारडांड चौक के पास एनएच-130 में सड़क हादसा में दुर्घटना हो गई। जिससे मृतक के दोनों आंख अंदर घुंस गए है। सर के अंदर का दिमाग़



बाहर आ गया था। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने मृतक के लिए मुआवजे की मांग करते हुए शव को सड़क में रख कर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। कंपनी के प्रतिनिधियों के न पहुंचने और उचित आश्वासन न मिलने से आक्रोश बढ़ने लगा, ऐसे करते सड़क में वाहनों की लंबी लाइन लगने लगी और पुलिस स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश और बढ़ने लगा था। करीब रात के 12 बज गए थे।

इस बीच फिल्मी स्टाइल में प्रेमनगर एसडीपीओ नरेंद्र पुजारी मौके में पहुंच कर हमर उत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश साहू, आम आदमी पार्टी के नेता अभय सिंह राजपूत को पुलिस हिरासत में लेकर भीड़ को छीतर बितर करने की कोशिश करने लगी, इस बीच आंदोलन कारियों ने दो व्यक्ति के गिरफ्तारी को लेकर आंदोलन में डटे रहे, पुलिस के समझाइश, रामानुजनगर एसडीएम, प्रेमनगर तहसिलदार के समझाइश के बाद करीब 1 बजे रात्रि में मामला शांत हुआ, रात्रि में पुलिस, और प्रशासन ने शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रेमनगर में पीएम करने के लिए शव को भेज दिया था। जिसके सुबह 11 दिसंबर को प्रेमनगर से लेकर कोरबा की पुलिस चप्पे चप्पे में तैनात थी। शव को लेकर माइंस में किसी तरह के आंदोलन ना इसको लेकर



पुलिस रक्षित केंद्र सूरजपुर से पुलिस बल बड़ी संख्या में तैनात की हुई थी। शव का पीएम होने के बाद मृतक के घर तक पुलिस पहुंच कर शव को पंच तत्व में विलीन होने के बाद वापस आई है।

हमर उत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि पुलिस, प्रशासन अडानी माइंस के कमर्चारी की तरह कार्य करते है। माइंस को तत्काल में सहायता राशि दिया जाना था किंतु प्रशासन उन्हें मौके पर नहीं बुलाई है। जिस कारण से लंबे समय तक जाम की स्थिति निर्मित था। जबकी माइंस इस क्षेत्र से करोड़ों, अरबों रुपए का प्रतिदिन कोयला तस्करी कर रहा है। आम आदमी बस मरने के लिए है, आम जन के मौत के बाद भी माइंस कुछ नहीं देता है। किसी छोटे कंपनी में नौकरी देकर इतिश्री कर देते है। जबकि मृतक के राहत आपदा राशि मोटी रकम के तौर पर दिया जाना चाहिए था। साथ ही माइंस का रेगुलर एम्प्लोई बनाना चाहिए।

# सरकार गठन के 1 वर्ष पूर्ण होने पर लगाई जाएगी दो दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी

**दबंग दुनिया ♦ बलरामपुर**




कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय बलरामपुर के चांदो चौक स्थित शहीद पार्क में सरकार गठन के 01 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला जनसम्पर्क विभाग द्वारा 13 एवं 14 दिसम्बर 2024 को दो दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी लगायी जाएगी। प्रदर्शनी में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में एक वर्ष में हुए विकास कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी आमजनों तक पहुंचे तथा लोग शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित हों इसी उद्देश्य से छायाचित्र प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। प्रदर्शनी जनता से संवाद का एक सशक्त माध्यम है, और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में 01 वर्ष में हुए उल्लेखनीय कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन से आम नागरिकों के जीवन में आ रहे बदलाव को छायाचित्र के माध्यम से जनता के बीच पहुंचाया जाएगा।

# किसानों को धान वापस ले जाने का तुगलकी फरमान पर भड़के किसान

**दबंग दुनिया ♦ करगीरोड**





कोटा विधानसभा के धान खरीदी केंद्र केंदा मे सहकारी समिति द्वारा ऑपरेटर हड़ताल एवं हमालो की समस्या होने के कारण पचास से ज्यादा टोकन धारी किसानो को धान वापस ले जाने का तुगलकी फरमान जारी कर दिया गया जिससे सुबह 4 बजे से लाइन लगाए किसानो मे आक्रोश देखा गया किसानो ने इसकी जानकारी पूर्व मंडी अध्यक्ष संदीप शुक्ला को दी मामले की जानकारी मिलते ही संदीप शुक्ला अपने साथियों के साथ धान खरीदी केंद्र पंहुच कर किसानो की समस्या से रूबरू हुए एवं समिति के धान खरीदी प्रभारी से किसानो का धान खाली कराने को कहा गया किन्तु धान खरीदी की मात्रा कम करने के दबाव के चलते खाली नहीं कराया जा रहा था

पूर्व मंडी अध्यक्ष संदीप शुक्ला ने धान खाली न कराये जाने पर आरएमकेके सड़क पर चक्का जाम की चेतावनी दी जिसके कारण आनन फानन मे किसानों का धान खाली कराया गया। शुक्ला ने कहा की एक तरफ विष्णु देव की सरकार किसानों का एक एक दाना धान खरीदने की बात कहती है वंही दूसरी ओर किसानों को रकबा समझौता, रकबा कटौती एवं अन्य परेशानियों का हवाला देकर धान खरीदी कम करने की साजिश कर रही है पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्त्ता किसानों को उनका हक दिलाने के लिए हर लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। किसानों ने धान खाली कराने पर पूर्व मंडी अध्यक्ष संदीप शुक्ला एवं साथियों का आभार जताया। इस अवसर पर डॉ ए के राय,लाला निर्मलकर, हैप्पी गुप्ता, ईश्वर तंवर, चैतराम पावले, अजय मानिकपुरी,रामसिंह, कृष्णा सिँह आदि उपस्थित थे।

# कलेक्टर का रोताही मेला उद्घाटन न करने पर उठे सवाल, क्या है राजनीतिक दबाव?



**दबंग दुनिया ♦ सक्ती**

रोताही मेला, जो कि स्थानीय सांस्कृतिक धरोहर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, का उद्घाटन कलेक्टर द्वारा न किए जाने पर सवाल खड़े हो गए हैं। इस घटना ने राजनीतिक हलकों में चर्चा को जन्म दिया है, जहां कुछ लोग इसे राजनीतिक दबाव का परिणाम मान रहे हैं।

## उद्घाटन समारोह का संक्षिप्त विवरण

11 दिसंबर 2024 को होने वाले इस मेले का उद्घाटन स्थानीय प्रशासन द्वारा पूर्व में निर्धारित था। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और स्थानीय कलाकारों की भागीदारी के चलते, यह मेला स्थानीय लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन था। लेकिन कलेक्टर के अनुपस्थित रहने से उपस्थित लोगों में निराशा और चिंता का माहौल बना हुआ है।

## स्थानीय नेताओं की प्रतिक्रिया

स्थानीय राजनीतिक नेताओं ने इस मामले पर अपने विचार व्यक्त किए हैं। एक नेता ने कहा, यह अत्यंत दुःख की बात है कि हमारे कलेक्टर ने इस महत्वपूर्ण समारोह को अनदेखा किया। क्या यह किसी दबाव का परिणाम है, या प्रशासनिक लापरवाही?₹ कुछ नेताओं ने इसे स्थानीय प्रशासन की विफलता करार दिया है।

## समाज के विभिन्न वर्गों की प्रतिक्रियाएँ

स्थानीय निवासियों और समाज के विभिन्न वर्गों में इस संस्कृति में रुचि रखने वालों ने भी इस मुद्दे पर चिंता जताई है। एक प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा, ₹रोताही मेला केवल एक संस्कृति का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज की एकता और समृद्धि का भी प्रतीक है। कलेक्टर की अनुपस्थिति से यह संदेश जाता है कि प्रशासन इस सांस्कृतिक धरोहर को गंभीरता से नहीं लेता।

## क्या है राजनीतिक दबाव?

हालांकि प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन सूत्रों के अनुसार, रौतही मेला के स्थान जो कि कई वर्षो से बुधवारी बाजार में लग रहा था और स्थानीय लोगों का 1 महत्वपूर्ण आमदनी का साधन था लेकिन इस वर्ष मेले का स्थान बदल दिया गया इस मुद्दे को लेकर कलेक्टर पर कुछ राजनीतिक दलों द्वारा दबाव डाला जा रहा था, जो इस मेले से जुड़े कुछ मुद्दों को लेकर असहमति व्यक्त कर रहे थे। इससे यह सवाल उठता है कि क्या हम राजनीतिक हितों के चलते स्थानीय संस्कृति और आयोजनों की कीमत चुका रहे हैं।

रोताही मेले के उद्घाटन में कलेक्टर की अनुपस्थिति से पैदा हुए सवालों ने एक बार फिर से यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रशासन और राजनीति के बीच तालमेल बनाना आवश्यक है। जब सांस्कृतिक धरोहरों का अपमान होता है, तो समाज को भी इसके प्रति गंभीर होना होगा। स्थानीय निवासियों का यह मानना है कि उन्हें अपने सांस्कृतिक आयोजनों का समर्थन करना चाहिए और प्रशासन पर इस तरह के दबाव के खिलाफ खड़ा होना चाहिए। आगे यह देखना दिलचस्प होगा कि प्रशासन और स्थानीय नेता इस मुद्दे पर कैसे प्रतिक्रिया करते हैं, और क्या यह सांस्कृतिक आयोजनों को प्रभावित करेगा।

# वन विभाग द्वारा शासन के गठन के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया गया पौधा वितरण



**दबंग दुनिया ♦ बलरामपुर**

बलरामपुर वनमण्डल अंतर्गत वन परिक्षेत्र राजपुर, कुसमी, रामानुजगंज, बलरामपुर, धमनी, में छत्तीसगढ़ शासन के गठन के 01 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रत्येक वन प्रबंधन समिति में सदस्यों की उपस्थिति में नसरीं में उपलब्ध फलदार पौधों का वितरण समिति सदस्यों एवं ग्रामीणों को बाड़ी में वृक्षारोपण किये जाने हेतु निःशुल्क वितरण किया गया। नर्सरियों में वन प्रबंधन समिति सदस्यों, ग्रामीणों को वन परिक्षेत्र कुसमी में 450, वन परिक्षेत्र राजपुर में 1500, वन परिक्षेत्र रामानुजगंज में 1150, बलरामपुर वन परिक्षेत्र में 500 पौधे एवं धमनी वन परिक्षेत्र में 300 पौधा कुल 3900 पौधा का वन विभाग के द्वारा वितरण किया गया तथा सुशासन की एक वर्ष की उपलब्धि की जानकारी भी दी गई।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**दबंग दुनिया ♦ बलरामपुर**

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने जानकारी दी है कि जिला अंतर्गत मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना वर्ष 2024-25 हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। विवाह हेतु इच्छुक एवं पात्र जिसमें विवाह तिथि को कन्या की आयु 18 वर्ष तथा वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। वे आवेदिका अपने ग्राम पंचायत संबंधित विकासखण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय/सेक्टर पयर्वेक्षक/आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से सम्पर्क कर निर्धारित प्रपत्र में प्रस्ताव बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। इस वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 200 का लक्ष्य रखा गया है। प्राप्त आवेदनों की संख्या दिये गये लक्ष्य से अधिक होने की स्थिति में सबसे पहले पंजीकृत पात्र आवेदिका को प्राथमिकता दी जावेगी। विवाह तिथि निर्धारित होने के पश्चात सूचना पृथक से सेक्टर पयर्वेक्षक/आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा तथा बाल विकास परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर भी अवलोकन हेतु चस्पा किया जायेगा।

# सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित

- कलेक्टर एवं एसपी ने स्वयं झाडू लेकर सफाई अभियान मे निभाई भागीदारी
- नगर सेना के जवानों ने किया स्वच्छता श्रमदान



**दबंग दुनिया ♦ बलरामपुर**

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर आमजनों में राज्य सरकार के स्वच्छता मिशन को बढ़ावा देने एवं जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से सामूहिक स्वच्छता श्रमदान किया गया।

स्वच्छता अभियान के तहत जिला मुख्यालय स्थित बाजार स्थल एवं ऑडिटोरियम के समीप श्रमदान किया गया। जिसमें कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा, पुलिस अधीक्षक श्री बैंकर वैभव रमनलाल, संभागीय सेनानी अंबिकापुर श्री राजेश पांडे, नगर सेनानी बलरामपुर श्री शिव कुमार कठूतिया, संयुक्त कलेक्टर श्री आर. एन पाण्डेय, अनुविभागीय अधिकारी श्री अमित श्रीवास्तव, रक्षित निरीक्षक विमलेश कुमार देवांगन, उप निरीक्षक अखिलेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में नगर सेना के जवान सफाई अभियान में शामिल हुए।

सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित स्वच्छता अभियान में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने भी सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। कलेक्टर श्री कटारा एवं एसपी श्री रमनलाल ने झाडू लेकर सफाई अभियान में भाग लिया और स्वच्छता के महत्व को समझाते हुए लोगों को अपने आस-पास सफाई रखने की प्रेरणा दी। राज्य सरकार की सुशासन अंतर्गत सामूहिक जिम्मेदारी और स्वच्छता के महत्व को बढ़ावा देने स्वच्छता अभियान में संयुक्त भाग लेकर संदेश दिया है कि प्रशासन और पुलिस केवल कानून-



व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे समाज के अन्य महत्वपूर्ण विषयों में भी सक्रिय है। साथ ही अभियान में जनभागीदारी को बढ़ावा देने और सार्वजनिक स्वास्थ्य, स्वच्छता जैसे मुद्दों पर जनता को जागरूक करने के लिए पूरी तरह संकल्पित हैं। ऐसे आयोजन से समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और सभी मिलकर अपने आस-पास का वातावरण स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में योगदान देंगे।

# जनादेश परब अंतर्गत मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता को संबोधन



**दबंग दुनिया ♦ बलरामपुर**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के एक वर्ष गठन पर जनादेश परब अंतर्गत मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का प्रदेश की जनता को संबोधन का सीधा प्रसारण जिला बलरामपुर-रामानुजगंज के सभी नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में किया गया। लोगों ने भी उत्साह पूर्वक मुख्यमंत्री श्री साय का संदेश सुना।

इस खास मौके पर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील के मार्गदर्शन में जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों व ग्राम पंचायतों में सीधा प्रसारण की व्यवस्था की गई थी, जिससे ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोग भी मुख्यमंत्री जी के संबोधन से जुड़ सकें। इस पहल के जरिए मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को एकजुट करने और उनके सामने सरकार के एक वर्ष की उपलब्धियों को प्रस्तुत करने का प्रयास किया। ग्रामीण स्तर पर लोग मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देख पाए। मुख्यमंत्री का संदेश व्यापक रूप से जन जन तक पहुंच सका और उन्होंने मुख्यमंत्री से सीधे जुड़ने का अनुभव किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए।

Scanned with OKEN Scanner

# विष्णु साय सरकार के एक वर्ष जनता को समर्पित : शकील अहमद

**दबंग दुनिया ♦ रायपुर**



भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद ने कल 13 दिसंबर को विष्णु देव साय सरकार के एक वर्ष सफलता पूर्वक पूर्ण होने पर प्रदेश सभी आम जन मानस को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा की विष्णु देव साय की सरकार ने एक वर्ष प्रदेश की जनता खुशहाली और तरक्की के लिए अनेक काम किए है हर वर्ग युवा,किसान,महिला सभी के सम्मान में काम कर रही है।

प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि प्रदेश की जनता ने जिस विश्वास के साथ भाजपा को 54 सीट देकर सेवा करने का अवसर दिया उनके विश्वास पर आज विष्णु देव की सरकार काम कर रही है,चुनाव के पूर्व जो वादा हमने जनता से किया था उन सभी वादा को एक एक करके पूरा कर रहे है।

प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद ने आगे कहा कि विष्णु देव साय की सरकार महिलाओं के महतारी वंदन, किसानों का 3100 रुपया में धान खरीदी, तेंदू पत्ता 5500 में खरीदी, प्रधानमंत्री आवास बनना प्रारंभ, शासकीय सेवा भर्ती प्रारंभ,नक्सल समस्या धीरे धीरे बस्तर मुक्त होते जा रहा है,शिक्षा के क्षेत्र में पीएमश्री के तहत विद्यालयों के नवीनि करण,प्रदेश की सड़कों दुरुस्त करने कार्य, सहित प्रदेश अनेक विकास कार्य प्रारंभ हो गए है जो पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने रोक रखा था।

प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि भाजपा की केंद्र में मोदी जी और राज्य में विष्णु देव साय की डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ के विकास के लिए समर्पित होकर काम कर रही है एवं छत्तीसगढ़ की जनता के विकास लिए प्रतिबद्ध है ।

# छत्तीसगढ़ शासन के गौरवपूर्ण 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वच्छता अभियान एवं जन जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक चंद्राकर

**दबंग दुनिया ♦ उतई**



छत्तीसगढ़ शासन के गौरवपूर्ण 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर पालिका निगम रिसाली द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान एवं जन जागरूकता कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुआ।

कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जनमानस को प्रेरित किया गया और साफ-सुथरे पर्यावरण के महत्व पर चर्चा की गई। स्वच्छता केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन का आधार है। आइए, मिलकर स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ छत्तीसगढ़ के निर्माण में अपना योगदान दें।

दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने कहा विगत एक वर्ष में हमारी सरकार ने आपके विश्वास पर खरा उतरते हुए प्रदेश में प्रगति के अनेक नए आयाम स्थापित किए हैं। हमने मोदी की गारंटी के सभी प्रमुख वादे प्राथमिकता से पूरे किये हैं। इससे हर वर्ग का विकास हुआ है, प्रदेश में खुशहाली आई है। हमारी सरकार इसी निरंतरता को बनाए रखते हुए प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर है। मैं आप सभी को पूर्ण विश्वास दिलाता हूँ कि हमारी विष्णु देव सुशासन की सरकार विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए निरंतर कार्य करेगी और प्रगति के सर्वोच्च प्रतिमान स्थापित करेगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे , महामंत्री राजू जंघेल , दशरथ साहू , नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू , अनुपम साहू जी, अजीत चौधरी , आशपुरन चौधरी जी, डी साईं , पार्षद ममता सिन्हा जी, सविता धवस , गजेंद्री कोठारी जी, संस्कृति वर्मा, अनुपम साहू , पुनाराम कलिहारी , राजूराम , राजेंद्र यादव , विधि , संध्या साहू , किरण साहू , धनेश्वरी नेताम जी, रोहित चंद्राकर , अनिल देशमुख , मुकेश यादव जी, नोहर वर्मा , मोहन लाल , संजय रुक्मणी साहू जी एवं बड़ी संख्या में स्वच्छता दीदी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कोटा के सूदुर अंचलों में जरूरतमंद लोगों को किया गया कबंल वितरण



**दबंग दुनिया ♦ करगीरोड कोटा**

ठंड के मौसम में जरूरतमंद लोगों की सहायता के उद्देश्य से सेवा भारती कोटा की टीम नें ब्लाक के सूदुर क्षेत्र खोंगसरा , तुवा डबरा, भास्को, टाटीधार में 100 लोगों को कंबल प्रदान किया गया। कहते हैं कि परमात्मा कहीं और नहीं हमारे अंदर है ईश्वर हर जीव में बसता है और आपको साक्षात ईश्वर के दर्शन करना है तो आप वनांचल क्षेत्र में बसने वाले हमारे वनवासी भाइयों बहनों के दर्शन कर लीजिए तो आपको ईश्वर के दर्शन हो जाएगा क्योंकि वह साक्षात ईश्वर के स्वरूप होते हैं वह प्रकृति से प्रेम करते हैं और प्रकृति को संरक्षित और सुरक्षित कर उनके बीच में अपना जीवन व्यतीत कर देते हैं वे निर्मल निश्चल और निष्कलंक होते हैं जो चुपचाप शांति पूर्वक और संतुष्टि पूर्वक अपना जीवन व्यतीत करते हैं आज उन्हीं ईश्वर स्वरुप हमारे वनवासी भाई बहन जो कोटा विधानसभा क्षेत्र की दूरस्थ वनांचल ग्राम खोगसरा के तुवा डबरा भस्को एवं टाटीधार क्षेत्र में बसने वाले भाइयों के बीच जाकर सेवा भारती कोटा के सदस्यों ने मुलाकात कर इस ठंड में बचाव हेतु एक-एक कंबल अर्पित कर उनका आशीर्वाद लिया । सेवा भारती कोटा के सदस्यों ने मिलकर यह एक छोटा सा कार्य किया है इस कार्य में विशेष रूप से दुर्गेश साहू , सूरज गुप्ता अध्यक्ष प्रेस क्लब कोटा, उत्तम प्रजापति, कमल आहूजा, राजू सिंधी , रोहित साहू , आदित्य मानिकपुरी , संपत सिंह, आकाश साहू , पीतांबर कंवर , राजा गुप्ता ,मोहन कोरी, श्याम गुप्ता, कुलदीप शर्मा, रजनीश गुप्ता ,गिरिराज गोस्वामी का सहयोग रहा।




उतई। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोरीगारका में जिला पंचायत दुर्ग सभापति योगिता चंद्राकर द्वारा अपने निधि से पानी टैंकर प्रदान की।सरपंच गूंजेश्वरी साहू ने ग्राम में गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या को सभापति योगिता चंद्राकर के पास रखी थी जिस पर उन्होंने पूर्ण रूप से आश्वासन दी थी जिसे पूरा करते हुए अपने निधि से ग्राम पंचायत बोरीगारका को पानी टैंकर दी, इससे ग्राम में गर्मी के दिनों में पेयजल संकट से मुक्ति मिलेगी।पानी टैंकर पाकर ग्राम के लोगो ने खुशी जाहिर की है।

# मुख्यमंत्री ने सुशासन के एक वर्ष पर लोगों को किया संबोधित

**दबंग दुनिया ♦ मुंगेली**



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुशासन के 01 वर्ष पर आज प्रदेश की जनता को संबोधित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश की जनता की खुशहाली एवं उन्नति के लिए बीते 01 वर्ष में किए गए कार्यों, योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारी सबसे बड़ी चुनौती जनता में विश्वास को कायम करने की थी। अब अपनी सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर मुझे यह बताते हुए संतोष हो रहा है कि मोदी की गारंटी के रूप में किए सभी बड़े वादों को पूरा कर हमने जनता के विश्वास को कायम रखा है। 13 दिसम्बर को हमारी सरकार का पहला साल पूरा हो रहा है। विगत एक वर्ष में छत्तीसगढ़ प्रदेश ने विकास के अनेक नये आयाम स्थापित किए हैं। हमने बीते एक साल को विश्वास का वर्ष घोषित किया है।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री राहुल देव के निर्देशानुसार और जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में लाइव प्रसारण का आयोजन किया गया, जहां लोगों ने बड़ी तन्मयता के साथ मुख्यमंत्री जी के संदेश को सुना। ग्राम खेढ़ा के गोपी साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन में 01 साल कैसे बीता पता नहीं चला, साय सरकार द्वारा गांव, गरीब और किसानों के लिए बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने राज्य सरकार के कार्यों की खुलकर सराहना की। किशन यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य में तेजी आई है, अब जरूरतमंद परिवारों को आवास मिलना शुरू हो गया है। श्रीमती सुखमति बाई ने महतारी वंदन योजना की सराहना करते हुए कहा कि इस योजना से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है। इसी तरह अन्य ग्रामीणों ने भी साय सरकार की योजनाओं एवं कार्यक्रमों को सराहा। इस अवसर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

# दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जाना पद्मविभूषण तीजन बाई का हालचाल, 50 हजार रूपए की दी आर्थिक सहायता



उतई (दबंग दुनिया)। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी अधिकारियो के साथ पंडवानी की लोक गायिका पद्मविभूषण तीजन बाई की हालत जानने आज उनके निवास गांव गनियारी पहुंचे। उन्होंने पद्मविभूषण तीजन बाई और उनके परिजनो से मुलाकात कर हाल-चाल पूछा और स्वास्थ्य के बारे मे जानकारी ली। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री चौधरी ने जिला प्रशासन की ओर से रेडक्रॉस मद से 50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक पद्मविभूषण तीजन बाई को प्रदान किया।

# बारस को शुभ अवसर पर श्याम मंदिर पत्थलगांव में खिचड़ी का भण्डारा लगाया गया

**दबंग दुनिया ♦ पत्थलगांव**



पत्थलगांव में प्रत्येक शुक्ल पक्ष की एकादशी के अवसर पर शहर के श्याम प्रेमीयों द्वारा नगर स्थित दुर्गा मंदिर से निशान यात्रा प्रातः प्रारंभ कर श्री श्याम मंदिर में समापन की जाती है। दूसरे दिन बारस को समिति के सदस्यों ने निर्णय लिया की हर बारस को खिचड़ी का प्रसाद भंडारा बनाकर वितरण किया जाएगा उसी के तहत पत्थलगांव श्याम मंदिर में बारस के अवसर पर खिचड़ी का भंडारा लगाया गया जिसे सैकड़ो भक्तों ने ग्रहण किया।

# जगह के अभाव में तोषगांव उपार्जन केंद्र में 12 दिसंबर को खरीदी रहा बंद



**दबंग दुनिया ♦ सरायपाली**

तोरसिंहा शाखा के तोषगांव उपार्जन केंद्र में बफर लिमिट से तीन गुना अधिक धान खरीदी हो जाने और टीओ जारी होने के बाद भी धान का उठाव नहीं होने से 12 दिसंबर को जगह के अभाव में धान खरीदी बंद रहा। इसके अलावा सरायपाली शाखा के सभी 22 उपार्जन केद्रो में जहां टीओ जारी हो चुका है वहां का धान का शीघ्र उठाव करने व बफर लिमिट से अधिक खरीदी हो चुके उपार्जन केद्रो का टीओ,डीओ जारी करने विपणन अधिकारी रायपुर को शाखा प्रबंधक के द्वारा पत्र लिखा गया है।

जानकारी अनुसार उपार्जन केंद्र तोषगांव में 12 दिसंबर के लिए 42 किसानों का 2259.60 क्विंटल के लिए टोकन जारी हुआ था,लेकिन टीओ जारी होने के बाद भी धान का उठाव नहीं होने उपार्जन केंद्र में जगह के अभाव के कारण 12 दिसंबर को खरीदी बंद रहा। समिति प्रबंधक नकुल भोई ने बताया कि उपार्जन केंद्र का बफर लिमिट 7200 क्विंटल है,जबकि 14 नवंबर से 11 दिसंबर तक वहां बफर लिमिट से तीन गुना अधिक 23000 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदने के लिए जगह का अभाव के चलते 11 दिसंबर को ही उनके द्वारा किसानों को व अधिकारियों को 12 दिसंबर को धान खरीदी बंद रखने की जानकारी दे दिए थे। 12 दिसंबर को जिन किसानों का धान खरीदने के लिए टोकन जारी किया गया था उनके टोकन को संशोधित कर खरीदी दिवस में समायोजित करने कि बात कही। वहीं सरायपाली शाखा प्रबंधक अमृतलाल जगत के द्वारा विपणन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर को सरायपाली शाखा के 22 उपार्जन केद्रो में अब तक 3 लाख 332401.60 क्विंटल किए गए खरीदी का टीओ,डीओ जारी करने, जारी हो चुके टीओ का परिवहन करवाने 11 दिसंबर को पत्र व्यवहार किया गया है उन्होंने दिए आवेदन में बताया है कि सभी उपार्जन केद्रो में बफर लिमिट से अधिक धान खरीदी हो चुकी है, जगह के अभाव में धान खरीदी बंद होने की संभावना है धान खरीदी बंद ना हो इसे ध्यान में रखते हुए टीओ,डीओ जारी करवाने का निवेदन किया है।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनो की विभिन्न समस्याएं

- » संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के दिए निर्देश
- » आज जनदर्शन में कुल 30 आवेदन हुए प्राप्त

**दबंग दुनिया ♦ सक्ती**



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में जनदर्शन के माध्यम से जिले के दूरदराज के गांवों से आये विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में आज कुल 30 आवेदन प्राप्त हुए है। जनदर्शन में आज तहसील भोथिया निवासी श्री बुधेश्वर ने उपार्जन केंद्र रायपुरा में धान बिक्री हेतु तीसरा टोकन जारी करने की अनुमति प्रदान करने के संबंध में, तहसील नया बाराद्वार अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 के समस्त वार्ड वासियों द्वारा वार्ड क्रमांक 01 में नाली निर्माण किए जाने के संबंध में, तहसील भोथिया अंतर्गत ग्राम झालरौंदा निवासी श्री राधेलाल चंद्रा ने बेजा कब्जा हटाने एवं कारर्वाई करने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम पोता निवासी श्री सुरेश कुमार यादव ने झूठी शिकायत कर निर्माण कार्य में स्टे लगवाने के विरुद्ध करवाई तथा स्टे निरस्त कर पुनः निर्माण कार्य की अनुमति देने के संबंध में, तहसील नया बाराद्वार निवासी डॉक्टर धीरेंद्र खूंटे ने डोलोमाइट परिवहन के ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही करने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत सेजेस कसेर पारा शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष द्वारा सेजेस कसेरपारा हिंदी माध्यम में शिक्षक की कमी दूर करने के संबंध में, तहसील मालखरौदा अंतर्गत ग्राम आमनदुल्हा निवासी श्रीमती महेतरीन बाई ने स्वामित्व खेत पर दूसरे के द्वारा कब्जा कर लेने के संबंध में, तहसील हसौद अंतर्गत ग्राम कैथा निवासी श्री शिव प्रसाद कश्यप ने तहसील जैजैपुर अंतर्गत ग्राम देवराघट एनीकट में प्रभावित भूमि का मुआवजा दिलाने के संबंध में, तहसील नया बाराद्वार अंतर्गत ग्राम किरारी निवासी श्री रामसाय गोड़ ने आदिवासी महिला की जमीन को फर्जी रजिस्ट्री के जरिए कब्जा कर लेने के संबंध में, तहसील बाराद्वार अंतर्गत ग्राम पलाड़ीखुर्द निवासी श्रीमती नमर्दा पटेल द्वारा रसोईया के कार्य पर पुनः रखने के संबंध में सहित अन्य विभिन्न आवेदको द्वारा साप्ताहिक जनदर्शन में आवेदन दिया गया ' जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि आमजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार को आयोजित किया जा रहा है। जनदर्शन में अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, संयुक्त कलेक्टर के एस पैकरा सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# जन समस्या निवारण शिविर में करगाडीह के सरपंच घनश्याम गजपाल ने ग्राम की समस्या को आवेदन देकर

**दबंग दुनिया ♦ उतई**

ग्राम पंचायत करगाडीह के सरपंच घनश्याम गजपाल ने ग्राम पंचायत मचांदुर में आयोजित जिला जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम समस्या को लेकर आवेदन लगाया.जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला करगाडीह में शिक्षक कि मांग. माध्यमिक स्कुल के लिए अलग स्कुल भवन. सामुदायिक शौचालय के उचित क्रियान्वयन के लिए सोलर ड्यूल पम्प व पानी टंकी कि मांग. बसाहट बढ़ने के कारण विद्युत पोल कि मांग. 40 वर्ष पुराना विद्युतिकरण का ट्रांसफार्मर पोल सहित अन्य स्थानों का आवश्यकता अनुसार संधारण. आबादी पारा में जल जीवन मिशन के लिए त्रिफेस विद्युत लाइन कि आवश्यकता. मनरेगा के तहत तालाब निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थान का सीमा सीमांकन तथा ग्राम पंचायत करगाडीह को सभी विभागीय पोर्टल में शामिल करने आदि मांग रखा.

# साय सरकार में सुशासन के 1 वर्ष पूरा होने पर गौपूजन कार्यक्रम आयोजित

मुंगेली। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार में सुशासन के 01 साल पूरा होने पर मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम पंडरभट्ठा के गौशाला में गौपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पशु चिकित्सा सेवाएं के उपसंचालक डॉ. आर. एम. त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम में गाय की पूजा-अर्चना की गई और 12 पशुओं का उपचार, 22 पशुपालकों को औषधि वितरण, 01 कृत्रिम गर्भाधान तथा 04 पशुओं का बधियाकरण किया गया। इसके साथ ही 13 गौसेवकों सहित 37 वर्षो से गौसेवा कर रही श्रीमति विसवंतिन बाई को पुष्पगुच्छ भेंटकर एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्य श्री सुभाष जैन, मोनू उपाध्याय, पं. दीनानाथ उपाध्याय, श्री कलेश्वर गर्ग, डॉ. शत्रुघ्न सिंह और श्री अनिल सोनी मौजूद रहे।

Scanned with OKEN Scanner

# बाहुबली के ब्लॉकबस्टर होते ही तमन्ना भाटिया को सताने लगी थी इस बात की चिंता, 9 साल बाद खोली जुबान



साल 2015 में रिलीज हुई फिल्म बाहुबली को भला कोई कैसे भुला सकता है. प्रभास की इस फिल्म ने कमाई के मामले में एक साथ कई रिकॉर्ड तोड़ डाले थे. फिल्म बाहुबली साल 2015 की ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक थी. इस फिल्म ने रातों रात प्रभास, अनुष्का शेट्टी और तमन्ना भाटिया का करियर चमका दिया था. हाल तो ये था कि रिलीज के बाद से ही लोगों ने बाहुबली पार्ट 2 का इंतजार करना शुरू कर दिया था. हर कोई जानने को बेताब था कि कटप्पा ने बाहुबली को क्यों मारा था. इस फिल्म के इतिहास रचने के 9 साल बाद तमन्ना भाटिया ने एक बड़ा खुलासा किया है. तमन्ना भाटिया ने बताया है कि बाहुबली के रिलीज के बाद उनको डर लगने लगा था. अपने एक इंटरव्यू में तमन्ना भाटिया ने इस बात का खुलासा किया है. तमन्ना भाटिया ने बताया कि बाहुबली की सक्सेज ने उनको काफी समय तक परेशान किया है. प्रभास की फिल्म के बारे में बात करते हुए तमन्ना भाटिया ने कहा, बाहुबली की सक्सेज हमारे लिए गेम चेंजर साबित हुई. फिल्म हिट होते ही सबकी जिम्मेदारी बढ़ गई थी. आगे तमन्ना भाटिया ने कहा, मुझे खुद डर लगने लगा था. मैं सोचती थी कि हम बाहुबली से बड़ा क्या कर सकते हैं. क्या हम ऐसा कर पाएंगे. क्या हम लोगों की उम्मीदों पर खरा उतर सकेंगे. अपने करियर के बारे में बात करते हुए तमन्ना भाटिया ने बताया, मेरे लिए साउथ इंडस्ट्री बहुत नई थी. यहां पर मैंने खुद से बड़ी उम्र के लोगों के साथ काम किया है. यहां का कल्चर बहुत अलग था. मुझे इंडस्ट्री में पैर टिकाने में काफी समय लग गया. तमन्ना भाटिया ने आगे खुलासा किया, अब मैं तमिल और तेलुगू में बात कर सकती हूं. हालांकि एक समय था जब मैं अपने रोल्स के साथ एक्सपेरीमेंट कर रही थी. मेरा फंडा थोड़ा सा अलग है. तमन्ना भाटिया ने माना कि मुझे कठिन रोल निभाने में मजा आता है. मैं अपने किरदार को लेकर किसी तरह की कौताही नहीं बरतना पसंद करती. बता दें फिल्म बाहुबली में तमन्ना भाटिया और प्रभास के साथ अनुष्का शेट्टी भी नजर आई थीं. साल 2017 में इस फिल्म का दूसरा पार्ट रिलीज किया गया था।

# जानकी-2 में सुपर स्टार दिलेश साहू के अपोजिट होंगी जागृति सिन्हा



एन. माही फिल्मस् प्रोडक्शन की धमाकेदार हिन्दी व छत्तीसगढी फिल्म जानकी-02 की हीरोइन के लिए खुबसूरत अभिनेत्री आरवी सिन्हा (जागृति) के रूप में तलाश पूरी हो गई है। दरअसल जानकी-2 की हीरोइन की खोज लंबे समय से की जा रही थी। फिल्म जानकी-2 नए जोनर की फिल्म साबित होने वाली है, जिसके लिए हीरोइन भी उसी जोनर का होना था। वहीं इस फिल्म के सुपर स्टार दिलेष साहू के अपोजिट खरा साबित होने वाली हीरोईन की तलाश करना स्वाभाविक भी है, परन्तु अब यह तलाष पूरी हो गई है। फिल्म जानकी-02 के हीरोइन के रूप में आरवी सिन्हा (जागृति) का चयन कर लिया गया है। आप सोच रहे होंगे कि एन. माही की हिन्दी व छत्तीसगढी फिल्म 07 फरवरी 2025 को रिलीज होने वाली है अभी रूपहले पर्दे में पहुंची भी नहीं है फिर यहां जानकी-02 की बात क्यों की जा रही है, तो बता दें कि फिल्म जानकी-02 की तैयारी भी पूरी हो चुकी है और जानकी के रिलीजिंग के जस्ट बाद से ही जानकी-02 की शूटिंग प्रारंभ कर दिया जाएगा। जिसकी हीरोईन आरोही सिन्हा-जागृति के चयन के बाद एन. माही की बडी खोज पर विराम लग गया है। इसके बाद फिल्म के दूसरे करैक्टर का चयन अभी बाकी है। अभिनेत्री आरवी सिन्हा इससे पहले लव के चक्कलस, मया-03 के अलावा दूसरी अन्य फिल्में व कई एल्बम कर चुकी हैं। आरोही ने अपने बारे में बताया कि बचपन से फिल्म की ओर रूझान थी परन्तु परिजनों के कहने पर यूपीएससी की तैयारी में लग गई, इस बीच एल्बम करने को मिला, जिससे फिल्म के लिए रास्ते बनने लगे और एन. माही की ही फिल्म लव के चक्कलस से छॉलीवुड में डेब्यू की। आरवी टिकटॉक में भी सक्रिय रही। आज उसके पास रिलजिंग के लिए तीन से चार फिल्में है, कुछ की डबिंग बाकी है तो कुछ प्रदर्शन के लिए तैयार है। बताते चलें कि जानकी में छत्तीसगढ की खुबसूरत सुपर स्टार एक्ट्रेस अनिकृति चैहान अपने जलवे बिखरेंगी। जिसमें वे एक्शन करते नजर आएंगी, कुछ इसी तरह ही जानकी-02 की नई खोज आरोही सिन्हा-जागृति अपने बेहतरीन अदाकारी के साथ नए रूप में नजर आ सकती हैं। एन. माही फिल्मस प्रोडक्शन के प्रयोगधर्मी निर्माता मोहित कुमार साहू ने बताया कि हिन्दी और छत्तीसगढी फिल्म जानकी अब तक निर्मित फिल्मों में हटकर साबित होने वाली है, ऐसे ही जानकी-2 पर भी हमारी टीम जी तोड मेहनत करने की तैयारी में है। मोहित साहू ने बताया कि जानकी नववर्श के फरवरी माह को पूरे इंडिया में एक साथ रिलीज होने वाला है, जिसके बाद जल्द ही जानकी-2 जाएगी शूटिंग भी शुरू हो जाएगी।

# दुबई इवेंट में जलवा बिखेरकर मुंबई लौटीं ऐश्वर्या राय



बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय ने इन दिनों खूब लाइमलाइट बटोर रही हैं. ऐश्वर्या एक्टर अभिषेक बच्चन की पत्नी हैं और दोनों ने साल 2007 में शादी रचाई थी, लेकिन अब अभिषेक और ऐश्वर्या की तलाक की अफवाहें उठती रहती हैं, लेकिन एक्ट्रेस ने कभी इन अफवाहों पर चुप्पी नहीं तोड़ी. अभिषेक भी इस मामले पर शांत बैठे हैं, लेकिन हाल ही में दुबई में कुछ ऐसा देखने के लिए मिला. जिसके बाद ये दोनों की तलाक की अफवाह तेज हो गई हैं. इस मामले के बारे में आपको बताते हैं, लेकिन पहले ये जान लीजिए कि ऐश्वर्या मुंबई लौट आई हैं और उन्हें एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया. हाल ही में ऐश्वर्या दुबई में आयोजित हुए ग्लोबल वूमन फोरम 2024 के इवेंट में शामिल हुईं. इस इवेंट में ऐश्वर्या जलवा बिखेरकर मुंबई आ गई हैं. ऐश्वर्या को मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया है. सोशल मीडिया पर ऐश्वर्या की ढेर सारी फोटोज सामने आई हैं, जिसमें वह ब्लैक आउटफिट में कमाल की लग रही हैं. ऐश्वर्या ने ब्लैक कलर की स्टाइल लॉन्ग जैकेट पहनी हुई थी और साथ में ब्लैक लोअर था. ऐश्वर्या ने ब्लैक बैक कैरी कर अपने लुक को काफी निखारा है. इन फोटोज को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं, लेकिन फैंस का ध्यान आराध्या पर अटक गया है, जो इस बार ऐश्वर्या राय के साथ नहीं दिखी हैं।

# तलाक के बाद तहस-नहस हो गई थी बॉलीवुड की इस पॉपुलर एक्ट्रेस की जिंदगी सिर पर नहीं थी छत, किराए के मकान के लिए भी खूब लगाने पड़े थे चक्कर



बॉलीवुड एक्ट्रेस कल्कि कोचलिन एक फ्रेंच एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने अपने करियर में कई सुपरहिट फिल्में दी हैं. एक्ट्रेस ने अपने करियर की शुरुआत साल 2009 में फिल्म %देव डी% से की थी. इसके बाद वह %जिंदगी ना मिलेगी दोबारा% से लेकर %एक थी डायन% जैसी फिल्मों में नजर आईं, इन मूवीज में एक्ट्रेस की एक्टिंग को काफी पसंद किया गया था. हालांकि साल 2011 में कल्कि ने फेमस डायरेक्टर अनुराग कश्यप से शादी रचाई, जो केवल 2 साल तक ही चली. हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान कल्कि ने बताया कि तलाक के बाद उनकी जिंदगी में किस तरह भूचाल आ गया था. साल 2013 में कल्कि और अनुराग कश्यप ने अलग होने का ऐलान कर दिया था. वहीं दोनों के तलाक को साल 2015 में एक्सेप्ट किया गया. लेकिन हाल ही में एक पॉडकास्ट के दौरान एक्ट्रेस कल्कि कोचलिन ने बताया कि अनुराग कश्यप संग तलाक के बाद उन्हें अपनी लाइफ में काफी स्ट्रगल करना पड़ा. उन्होंने बताया कि अनुराग से तलाक के बाद उनके सिर पर छत नहीं थी इसलिए उन्हें किराए का घर लेना पड़ा, जिसके लिए उन्होंने काफी स्ट्रगल किया. एक्ट्रेस ने इंटरव्यू में कहा कि अगर आप सिंगल महिला हैं तो मुंबई में कोई भी आपको किराए पर घर नहीं देगा. एक्ट्रेस ने कहा कि उस समय मैं सोचती थी कि लोग मेरे साथ सेल्फी तो लेना चाहते हैं लेकिन कोई भी अपना घर नहीं देना चाहता।

# मलाइका अरोड़ा ने बिखेरा हुस्न का जलवा

मलाइका अरोड़ा अपने बोल्ड फिगर और स्टाइलिश ड्रेसिंग सेंस के चलते सोशल मीडिया पर फैंस के बीच सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका स्टनिंग लुक इंटरनेट पर पोस्ट होते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में मलाइका अरोड़ा ने बेहद ही स्टाइलिश फोटोशूट करवाया है। इस दौरान उन्होंने रिवीलिंग आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो काफी हॉट और बोल्ड नजर आ रही हैं।


बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा 50 साल की हो चुकी हैं, लेकिन आज भी अपनी खूबसूरती से यंग गर्ल्स को इंस्पायर करती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही ट्रेंड करने लगता है।

हाल ही में एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने अपने लेटेस्ट स्टाइलिश फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका सिजलिंग अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने ब्लैक कलर की थाई स्लिट ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही हॉट फोटोशूट करवा रही हैं।

बालों को कर्ली स्टाइल में लुक कर के और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस





# अल्लू अर्जुन की पुष्पा-2 ने 1000 करोड़ की कमाई का आकंड़ा पार किया

अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल-स्टारर पुष्पा 2: द रूल साल 2024 का सबसे सफल फिल्म बन गई है। फिल्म की रिलीज से पहले जैसी इससे उम्मीदें जताई जा रही थीं, बॉक्स ऑफिस पर ये उससे बढ़कर परफॉर्म कर रही है। फैंस को उम्मीद थी की पुष्पा: द राइज का सीक्वल बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड्स की धज्जियां उड़ाएगा और कई बड़ी फिल्मों को रौंदते हुए आगे निकल जाएगी और अब ऐसा ही हो रहा है। अल्लू अर्जुन की फिल्म ने साबित कर दिया है कि पुष्पा अब वाइल्ड फायर बन चुका है। इस फिल्म ने हाल ही में शाहरुख खान की 'पठान' और 'जवान' के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया दिया था और फिर रणबीर कपूर की 'एनिमल' के कलेक्शन के आंकड़े को भी पार कर लिया है। फिल्म ने दुनियाभर में 1000 करोड़ की कमाई का आकंड़ा पार कर लिया है और भारत में भी जबरदस्त कलेक्शन किया है। चलिए बताते हैं आपको अल्लू अर्जुन की फिल्म ने भारत में कितनी कमाई की है। 'पुष्पा 2: द रूल' की रिलीज को एक हफ्ता हो गया है, लेकिन अब भी इसकी कमाई की रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही है। इस फिल्म ने रिलीज के 7वें दिन इतिहास रच दिया है। पुष्पा 2 ने 7वें दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म का खिताब अपने नाम कर लिया है। सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने भारत में 7 दिनों में 687 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है।

Scanned with OKEN Scanner

# देशभर में शीतलहर का कहर; कई राज्यों में कोल्ड वेव का अलर्ट



नई दिल्ली,एजेंसी

सर्द हवाओं और बर्फबारी ने देश के कई हिस्सों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया है। दिल्ली से राजस्थान तक कड़ाके की ठंड पड़ रही है, जबकि तमिलनाडु में बारिश का सिलसिला जारी है। हिमालय और जम्मू-कश्मीर की बर्फबारी ने मैदानी इलाकों को सर्द हवाओं की चपेट में ला दिया है। मौसम विभाग ने सात राज्यों में कोल्ड वेव का अलर्ट जारी किया है। दिल्ली में ठंड का असर तेजी से बढ़ रहा है। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 6एष्ट दर्ज किया गया। सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी काफी कम हो गई।

एयर क्वालिटी भी खराब कैटेगरी में पहुंच गई, जहां नेहरू नगर में,त्तह्र 310 दर्ज किया गया। राजस्थान में सीकर और चूरू जैसे इलाकों में माउंट आबू से भी कम तापमान दर्ज किया गया।

माउंट आबू का तापमान 3एष्ट, जबकि सीकर का तापमान 1.5एष्ट तक गिर गया। ठंडी हवाओं के चलते लोग घरों में कैद हो गए। उत्तर प्रदेश में हिमालय की बर्फबारी का असर साफ दिखाई दे रहा है। 11 जिलों में कोल्ड वेव का अलर्ट जारी किया गया है। 26 जिलों में कोहरे ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है। विजिबिलिटी घटकर 70 मीटर तक रह गई है। अयोध्या में इस सीजन का सबसे कम न्यूनतम तापमान 3एष्ट दर्ज किया गया। पारा गिरने से लोग सर्दी के चलते सुबह जल्दी घरों से बाहर

## हिमाचल में एक सप्ताह तक मौसम साफरहने के आसार

हिमाचल प्रदेश में आगामी सात दिनों तक मौसम साफरहने की संभावना है। हालांकि, बुधवार को जारी बुलेटिन में 12 दिसंबर को उच्च पर्वतीय कुछ स्थानों पर बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान जताया गया था। गुरुवार को मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार प्रदेश में 18 दिसंबर तक मौसम मुख्यत शुष्क रहने की संभावना है। आज लाहौल-स्पीति के एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश-बर्फबारी हो सकती है। वहीं, अगले 24 घंटों तक तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। इसके बाद अगले 4-5 दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 2-3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी। वहीं राज्य के पांच स्थानों पर न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया गया है।

**कहां कितना न्यूनतम तापमान**

शिमला में न्यूनतम तापमान 5.0, सुंदरनगर 1.2, भुंतर 1.2, कल्पा -1.8, धर्मशाला 3.4, ऊना 0.0, नाहन 6.2, पालमपुर 2.5, सोलन 0.8, मनाली 3.9, कांगड़ा 4.8, मंडी 2.4, बिलासपुर 2.3, हमीरपुर 1.2, चंबा 6.2, जुब्बड़हट्टी 5.1, कुफरी 2.3, कुकुमसेरी -5.0, नारकंडा 1.9, भरमौर 3.8, रिकांगपिओ -0.4, सेऊबाग 2.0, धौलाकुआं 4.2, बरठीं 0.1, पांवटा साहिब 8.0, सराहन 4.0, देहरा गोपीपुर 4.0, ताबो -11.3 व बजौरा में 0.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

## फिल्म साबरमती रिपोर्ट की स्क्रीनिंग में पथराव, मची भगदड़



नई दिल्ली। दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) में गुरुवार को एक आयोजन में पथराव हो गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा अभिनेता विक्रांत मैसी की फिल्म द साबरमती रिपोर्ट की विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया जा रहा था। इस दौरान लेफ्ट के छात्रों पर पथराव का आरोप एबीवीपी ने लगाया है। फिल्म की स्क्रीनिंग साबरमती ढाबा के बैडमिंटन कोर्ट में चल रही थी कि अचानक हुई पत्थरबाजी के बाद मौके पर भगदड़ मच गई। फिल्म को देखने के लिए बड़ी संख्या में छात्र जुटे थे। ये फिल्म गुजरात के गोधरा कांड पर बनी है। पीएम मोदी केंद्रीय मंत्रियों संग देख चुके हैं फिल्म दो दिसंबर को पीएम नरेंद्र मोदी ने संसद के बालयोगी ऑडिटोरियम में फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' देख चुके हैं। यहां मेकर्स ने फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग आयोजित की थी। इस स्क्रीनिंग में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई मंत्री और सांसद भी पहुंचे थे। इस विशेष अवसर पर फिल्म की स्टार कास्ट से विक्रांत मैसी, राशि खन्ना, रिद्धी डोगरा समेत मेकर्स भी मौजूद रहे थे। पीएम मोदी ने की फिल्म और टीम की तारीफ कुछ तस्वीरें साझा करते हुए पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'द साबरमती रिपोर्ट' की स्क्रीनिंग में एनडीए के साथी सांसदों के साथ शामिल हुआ।

## रूस और यूक्रेन के बीच छिड़ी भयानक जंग, खतरे में पड़ गया है यूक्रेन का यह अहम शहर

**कीव,एजेंसीं।** रूस और यूक्रेन के बीच जंग जारी है। इस बीच यूक्रेन के शीर्ष सैन्य कमांडर ने कहा है कि रूस के लगातार आक्रमण के बाद पूर्वी यूक्रेन के प्रमुख शहर पोक्रोवस्क के आसपास जंग और भीषण हो गई है। विश्लेषकों का अनुमान है कि रूसी सेना अब शहर से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर है। जनरल स्टाफने बृहस्पतिवार को युद्धक्षेत्र रिपोर्ट में कहा कि यूक्रेनी सैनिकों ने पिछले 24 घंटों में पोक्रोवस्क के आसपास सुरक्षा बलों पर हमला करने के रूस के लगभग 40 प्रयासों को विफल कर दिया। यूक्रेनी सेना प्रमुख जनरल ओलेक्सांद्र सिरस्की ने बुधवार देर रात फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, कब्जा करने वाले रूसी अपनी सारी उपलब्ध ताकतें आगे बढ़ा रहे हैं और हमारे सैनिकों की सुरक्षा को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सेना संख्या में कम है।

## जब तक हम सुनवाई कर रहे हैं, नए मामले दर्ज नहीं होंगे : सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली,एजेंसी

प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार नोटिस जारी किया है। 12 दिसंबर से प्लेसेज ऑफवर्शिप एक्ट- 1991 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू हुई। ष्टछ्वढ्ढ संजीव खन्ना, जस्टिस पीवी संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की स्पेशल बेंच ने सुनवाई करते हुए कहा कि हम एक बात स्पष्ट करना चाहते हैं कि अगली सुनवाई तक कोई नई याचिका दायर नहीं हो सकती। अदालत ने सभी पक्षकारों से कहा कि वे अपने तर्क पूरी तरह तैयार रखें ताकि मामले को तेजी से निपटाया जा सके। याचिका एक्यु-रू इंडियन मुस्लिम लीग, ह्टकशरद पवार, राजद एमपी मनोज कुमार झा समेत 6 पार्टियों ने लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से लंबित याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को कहा। इसके अलावा सीजेआई ने पूछा कि मथुरा और ज्ञानवापी समेत कितने मुकदमे हैं? ष्टछ्वढ्ढ ने कहा, 4 सप्ताह में केंद्र जवाब दाखिल करे. सभी पक्ष अगले 4 सप्ताह में उस पर जवाब दाखिल करें। सीजेआई ने कहा कि मामला सब ज्यूडीश है. जब तक हम मामले की सुनवाई और निस्तारण नहीं कर देते, तब तक कोई और मुकदमा दर्ज नहीं किया जा सकता। हमारे पास राम जन्मभूमि केस भी है. ष्टछ्वढ्ढ ने कहा जो भी मामले दर्ज हैं, वो चलते रहेंगे। वरिष्ठ वकील राजू रामचंद्रन ने कहा कि लेकिन जो भी मामले चल रहे है। फिलहाल कार्यवाही पर रोक लगाने की जरूरत है। सर्वेक्षण के आदेश दिए जा रहे हैं। सीजेआई ने कहा कि ऐसे कितने मुकदमे लंबित हैं? दो शॉट्स के बारे में मुझे पता है, एक मथुरा और एसजी ने कहा कि क्या कोई अजनबी, जो मामले में पक्षकार नहीं है, आकर कह सकता है कि सभी कार्यवाही रोक दी जाए. वही वह सवाल है। ष्टछ्वढ्ढ ने कहा, हम एक बात स्पष्ट करना चाहते हैं कि अगली सुनवाई तक कोई नई याचिका दायर नहीं हो सकती। अदालत ने सभी पक्षकारों से कहा कि वे अपने तर्क पूरी तरह तैयार रखें ताकि मामले को तेजी से निपटाया जा सके। पूजा स्थल अधिनियम, 1991, धार्मिक स्थलों की स्थिति को 15 अगस्त 1947 के आधार पर संरक्षित करता है और इसमें बदलाव करने पर रोक लगाता है। हालांकि, इस कानून में अयोध्या के राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद को बाहर रखा गया था। सुप्रीम

## चिन्मय कृष्ण दास फिर नहीं मिली राहत, कोर्ट ने जमानत याचिका पर अग्रिम सुनवाई से किया इनकार



एजेंसी,ढाका

बांग्लादेश की एक अदालत ने राजद्रोह मामले में गिरफ्तार हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की जमानत याचिका पर अग्रिम सुनवाई से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि पहले से तय तारीख दो जनवरी को ही सुनवाई होगी। अदालत के अधिकारियों ने बताया कि चटगांव मेट्रोपॉलिटन सत्र न्यायाधीश सैफ-उल इस्लाम ने याचिका को इसीलिए खारिज कर दिया क्योंकि अग्रिम सुनवाई की अनुरोध वाली याचिका दायर करने वाले वकील के पास संत की ओर से वकालतनामा नहीं था। वकील के पास नहीं था वकालतनामा अदालत के एक अधिकारी ने कहा, ''वकील रवींद्र घोष ने अग्रिम सुनवाई का अनुरोध तब किया जब एक अन्य वकील ने न्यायाधीश को बताया कि उनके (घोष के) पास संत की पैरवी करने के लिए कोई वकालतनामा नहीं है। इसके बाद न्यायाधीश ने याचिका खारिज कर दी।''बीमारियों से पीड़ित हैं दास घोष ने अपनी याचिका में कहा कि दास को ''झूठे और जाली मामले'' में गिरफ्तार किया गया है, जबकि वह मधुमेह, दमा और अन्य बीमारियों से ग्रस्त हैं। हालांकि, वकील ने स्वीकार किया कि वह दास से वकालतनाम पर हस्ताक्षर प्राप्त करने के लिए जेल नहीं गए थे। उन्होंने कहा, ''मैं अब जेल में चिन्मय से मिलूंगा और वकालतनामा (पावर ऑफ अटॉर्नी) हासिल करूंगा।'' देशद्रोह का लगा है आरोप अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के पूर्व नेता दास को 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया था। अगले दिन चटगांव की एक अदालत ने उन्हें जेल भेज दिया। अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी क्योंकि उन पर देश के झंडे का कथित रूप से अपमान करने के लिए देशद्रोह का आरोप लगाया गया है।

## बांग्लादेश से नाबालिग हिंदू बच्ची शरण लेने पहुंची भारत, इस्कॉन से जुड़ा है परिवार

एजेंसी,बांग्लादेश

नई सरकार के गठन के बाद से ही अल्पसंख्यक समुदाय पर अत्याचार के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। बांग्लादेश में रहने वाले सनातन धर्मावलंबी भारत सरकार से मदद की गुहार लगा रहे हैं। हिंदुओं पर जारी अत्याचार के बीच एक नाबालिग लड़की को भारतीय सीमा सुरक्षा बल (क्चस्स्न) ने मंगलवार रात को बंगाल के उत्तरी दिनाजपुर जिले के चोपड़ा ब्लॉक के फतेपुर बीओपी इलाके में पकड़ा। यह लड़की बांग्लादेश के पंचागढ़ जिले से है



और अपने परिवार के साथ इस्कॉन से जुड़ी हुई है। परिवार के सदस्यों का आरोप है कि बांग्लादेश में इस्कॉन से जुड़े हिंदू परिवारों को लगातार धमकियां मिल रही थीं, जिसमें खासतौर पर बच्चियों को उठाने की धमकियां शामिल थीं। नाबालिग के नाना ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदू परिवारों पर हो रहे लगातार हमलों और अत्याचारों के कारण उनकी जान को खतरा था। उन्होंने बताया कि इस्कॉन से जुड़े परिवारों के खिलाफ दुष्कर्म, हत्या जैसे जघन्य अपराध हो रहे हैं और बांग्लादेश हिंदुओं के लिए अब सुरक्षित नहीं रहा है, इसलिए नाबालिग लड़की को मजबूरन भारत भागने पर मजबूर होना पड़ा। सीमा पार करने की कोशिश, बीएसएफ ने पकड़ा

नाबालिग जलपाईगुड़ी के बेलाकोबा में अपने रिश्तेदार के घर जाने के लिए सीमा पार करने का प्रयास कर रही थी, जब उसे क्चस्स्न ने पकड़ा। पुलिस ने लड़की से पूछताछ की और उसे बेलाकोबा के रिश्तेदारों से संपर्क करने के लिए कहा। रिश्तेदारों को बुलाकर पुलिस ने कानूनी कार्रवाई की और बाद में जिला बाल कल्याण संघ के माध्यम से उसे सुरक्षित घर भेजने की व्यवस्था की।

## कौन है निकिता सिंघानिया? अतुल सुभाष से कब मिली और कैसे हुई शादी

नई दिल्ली,एजेंसी

पत्नी से प्रताड़ित होकर सुसाइड करने वाले इंजीनियर अतुल सुभाष की खबरों ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। सुसाइड से पहले इंजीनियर ने 24 पेज लंबे सुसाइड नोट और डेढ़ घंटे के वीडियो में अपनी व्यथा व्यक्त की थी। सुसाइड नोट में अतुल सुभाष ने महिला जज से लेकर पत्नी निकिता सिंघानिया तक को अपनी मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया है। आइए जानते हैं निकिता सिंघानिया के बारे में। कौन है निकिता सिंघानिया? अतुल सुभाष ने अपने सुसाइड नोट में जिस निकिता सिंघानिया का जिक्र किया है वह उनकी पूर्व पत्नी है। इसी साल जुलाई में कोर्ट ने तलाक के केस पर फैसला सुनाया था। निकिता दिल्ली में स्थित एक इंजीनियरिंग कंपनी में नौकरी करती है। हालांकि वह मूल रूप से यूपी के जौनपुर जिले की रहने वाली है। निकिता का परिवार जौनपुर के नगर कोतवाली के खोआ मंडी स्थित एक मकान में रहता है। हालांकि आज आधी रात को मां और भाई घर पर ताला लगाकर फरार हो गए। घर से भागते का वीडियो भी सामने आया है। निकिता के भाई का घर के पास ही जौनपुर में कपड़े की एक दुकान भी है। कब हुई थी निकिता और अतुल सुभाष की शादी बिहार के समस्तीपुर जिले के वैनी थाना क्षेत्र के रहने वाले अतुल सुभाष और यूपी के जौनपुर की रहने वाली निकिता सिंघानिया की शादी साल 2019 में हुई थी। जानकारी के अनुसार, अतुल सुभाष की बैंगलुरू में जॉब लगी तो मां-बाप ने शादी के लिए मैट्रिमोनियल ऐड दिया और जौनपुर की रहने वाली निकिता सिंघानिया के साथ 2019 में उनकी शादी कर दी। साल 2020 में दोनों को एक बेटा हुआ लेकिन, 2021 में दोनों के बीच अनबन हुई। उस वक्त अतुल सुभाष की मदर इन लॉ (सास) , निशा सिंघानिया अपनी बेटी और अतुल के बेटे को लेकर बैंगलुरू से जौनपुर आ गई। निकिता ने अतुल पर दर्ज कराए थे कई केस इसके बाद निकिता दिल्ली में नौकरी करने लगी और अतुल से अलग होने के आठ महीने बाद पति के ख़िलाफ़ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज करा दिया। मामला कोर्ट में गया। इस दौरान निकिता के पिता की मौत हो गई। इसके बाद निकिता ने अपने पिता की मौत के लिए, अतुल और उनकी फैमिली को ज़िम्मेदार ठहराते हुए हत्या का केस दर्ज करा दिया। इस तरह अतुल और उनके परिवार के खिलाफ निकिता ने नौ केस फाइल कर दिए। तलाक केस में इसी साल जुलाई में आया था फैसला इसी साल जुलाई में डायवोर्स (तलाक) के केस का फ़ैसला हो गया। अदालत ने अतुल सुभाष की पत्नी निकिता को तो गुज़ारा भत्ता नहीं दिया लेकिन बेटे के लिए 40 हज़ार रुपए महीने देने का आदेश दिया।



### जौनपुर पहुंची बंगलूरू की टीम, निकिता के घर पर होगी ये कार्रवाई; करेगी पड़ताल

अतुल सुभाष की आत्महत्या के मामले में हुए मुकदमे में गुरुवार को बंगलूरू पुलिस जौनपुर पहुंची। बंगलूरू से उप निरीक्षक रंजीत कुमार के साथ चार सदस्यीय पुलिस टीम आई है, जिसमें तीन एक दरोगा, एक महिला एसआई, दो कॉन्सटेबल शामिल हैं। टीम बंगलूरू से फ्लाइट से बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंची। इसके बाद चार पहिया वाहन से जौनपुर के कोतवाली थाने पहुंची। टीम के साथ जौनपुर के सीओ सिटी आयुष श्रीवास्तव ने क्षेत्रीय पुलिस के साथ करीब दो घंटे तक बातचीत की। कोतवाल मिथिलेश मिश्र ने बताया कि टीम जौनपुर में रात्रि विश्राम करेगी, जो भी कार्रवाई है वह सुबह होगी। अतुल के अधिवक्ता दिनेश मिश्रा के मुताबिक, निकिता ने पहले अतुल पर एक महिला से अवैध संबंध रखने का आरोप लगाया था। इसका हलफनामा कोर्ट में भी दिया था। इससे अतुल टूट गया था। वह बेटे से मिलने के लिए तरसता था।

## भारत ने पिछले दशक में परमाणु ऊर्जा के माध्यम से बिजली उत्पादन दोगुना कर दिया: डॉ. जितेंद्र सिंह



**दिल्ली,एजेंसी।** भारत की परमाणु ऊर्जा उत्पादन क्षमता पिछले एक दशक में 2014 में 4,780 मेगावाट से लगभग दोगुनी होकर 2024 में 8,180 मेगावाट हो गयी है। यह जानकारी आज लोक सभा में केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन विभाग, डॉ. जितेंद्र सिंह ने परमाणु ऊर्जा पर चर्चा के जवाब में दी। उन्होंने भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम की महत्वपूर्ण प्रगति और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। डॉ. जितेंद्र सिंह ने प्रमुख विकासों पर विस्तार से चर्चा की और परमाणु ऊर्जा उत्पादन में अधिक आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए एक रोडमैप की रूपरेखा प्रस्तुत की। डॉ. जितेंद्र सिंह ने भारत के बिजली वितरण ढांचे में संशोधन पर जोर दिया, जिसके तहत परमाणु संयंत्रों से बिजली में गृह राज्य की हिस्सेदारी बढ़ाकर 50त्न कर दी गई है, जिसमें से 35त्न पड़ोसी राज्यों को और 15त्न राष्ट्रीय ग्रिड को आवंटित किया जाएगा। यह नया फॉर्मूला संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित करता है और राष्ट्र की संघीय भावना को दर्शाता है। डॉ. जितेन्द्र सिंह ने इस बात पर प्रकाश डाला कि किस प्रकार भारत की परमाणु ऊर्जा उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो 2014 में 4,780 मेगावाट से लगभग दोगुनी होकर 2024 में 8,180 मेगावाट हो गई है। उन्होंने कहा कि 2031-32 तक क्षमता तीन गुनी होकर 22,480 मेगावाट होने का अनुमान है, जो भारत की परमाणु ऊर्जा अवसंरचना को बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। केंद्रीय मंत्री ने इस प्रगति का श्रेय कई परिवर्तनकारी पहलों को दिया, जिसमें 10 रिएक्टरों की स्वीकृति, बढ़े हुए वित्त आवंटन, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के साथ सहयोग और सीमित निजी क्षेत्र की भागीदारी शामिल है। उन्होंने भारत के परमाणु बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रौद्योगिकी में प्रगति और सुव्यवस्थित प्रशासनिक प्रक्रियाओं को श्रेय दिया। ऊर्जा उत्पादन के अलावा, डॉ. जितेंद्र सिंह ने परमाणु ऊर्जा के विविध प्रयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने कृषि में इसके व्यापक उपयोग का उल्लेख किया, जिसमें 70 उत्परिवर्तनीय फसल किस्मों का विकास भी शामिल है। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में, भारत ने कैंसर के उपचार के लिए उन्नत आइसोटोप पेश किए हैं, जबकि रक्षा क्षेत्र में, परमाणु ऊर्जा प्रक्रियाओं का उपयोग लागत प्रभावी, हल्के बुलेटप्रूफजैकेट विकसित करने के लिए किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने भारत के प्रचुर थोरियम भंडार पर भी जोर दिया, जो वैश्विक कुल का 21त्न है। इस संसाधन का इस्तेमाल करने के लिए भवानी जैसी स्वदेशी परियोजनाएं विकसित की जा रही हैं, जिससे आयातित यूरेनियम और अन्य सामग्रियों पर निर्भरता कम हो रही है। उन्होंने परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं को लागू करने में चुनौतियों को स्वीकार किया, जैसे भूमि अधिग्रहण, वन विभाग से मंजूरी और उपकरण खरीद, लेकिन इन मुद्दों से निपटने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में नौ परमाणु ऊर्जा परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं, और कई अन्य परियोजना पूर्व चरण में हैं, जो परमाणु ऊर्जा क्षमता के विस्तार के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। डॉ. जितेन्द्र सिंह ने ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत करते हुए कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र जैसी परियोजनाओं पर प्रकाश डाला, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 के बाद गति मिली। उन्होंने डॉ. होमी भाभा द्वारा परिकल्पित परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण इस्तेमाल के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई और एक राष्ट्र, एक सरकार के दृष्टिकोण के साथ तालमेल बिठाते हुए सतत विकास के लिए परमाणु ऊर्जा का लाभ उठाने पर जोर दिया। यह प्रगति ऊर्जा में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने, नवाचार को बढ़ावा देने तथा परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण अनुप्रयोगों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने के भारत के संकल्प को रेखांकित करती है।

## सड़कों पर धमाके, गोलीबारी और लूट', सीरिया से लौटे पहले भारतीय ने बताए दमिश्क के भयावह हालात




**नई दिल्ली,एजेसी।** सीरिया में बशर अल-असद का तख्तापलट होने और उनके देश छोड़कर भागने के बाद वहां हालात भायवह बने हुए हैं। इस भयावह स्थिति में कुछ भारतीय भी फंसे थे जिन्हें वहां से बाहर निकाल लिया गया है। सीरिया से भारत लौटने वाले 75 भारतीयों में से पहले गाजियाबाद के रहने वाले रवि भूषण हैं। भारत लौटने पर रवि ने दमिश्क की भयावह स्थिति का जिक्र किया और मदद के लिए भारत सरकार को धन्यवाद कहा। रवि भूषण ने,ह्वढ्ढ को बताया कि भारत ने अपने नागरिकों को वापस घर लाने में मदद के लिए किस तरह के प्रयास किए। रवि ने कहा कि भारत ने बचाव अभियान शुरू कर दिया है और हम पहली टीम हैं जिन्हें सीरिया से बचाकर देश वापस लाया गया है। उन्होंने कहा कि, सबसे अच्छी बात यह है कि उन्होंने (भारतीय दूतावास) हर एक व्यक्ति से संपर्क किया है, उनका उत्साहवर्धन किया साथ ही पूछा कि...क्या वो ठीक हैं। भूषण ने,ह्वढ्ढ को बताया कि उन्हें हर घंटे संदेश के माध्यम से यह जानकारी दी गई कि बचाव अभियान के संबंध में वो कब और क्या करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'अगर किसी को भोजन या किसी अन्य चीज से संबंधित कोई समस्या होती थी, तो वो उसका प्रबंध करते थे। उन्होंने कहा कि हम भारत सरकार साथ ही लेबनान और सीरिया दोनों स्थानों पर स्थित भारतीय दूतावासों के बहुत आभारी हैं। भूषण ने बताया कि अन्य देशों के लोगों की पीड़ा को देखकर उन्हें महसूस हुआ कि भारत सरकार की ओर से किए गए प्रयास कितने अच्छे थे। उन्होंने कहा, 'हमने देखा कि दूसरे देशों के लोग किस तरह से परेशान थे। हमने छोटे बच्चों और महिलाओं को देखा कि कैसे उन्हें 4-5 डिग्री तापमान में 10-12 घंटे से अधिक समय तक बाहर बैठना पड़ा। यह वास्तव में भयानक था, लेकिन भारत सरकार की वजह से हमें ऐसी किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। रवि भूषण ने सीरिया की मौजूदा स्थिति को 'बदतर' कहा। उन्होंने बताया कि लोग खुलेआम सड़कों पर गोलीबारी कर रहे हैं, बमबारी कर रहे हैं, बैंकों को लूट रहे हैं। एयरपोर्ट को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। वो होटलों और गाड़ियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। मैं कहूंगा कि आने वाले कुछ दिनों में वहां स्थिति और भी खराब होने वाली है। उन्होंने बताया कि वो व्यावसायिक कारणों की वजह से सीरिया गए थे।

Scanned with OKEN Scanner




दबंग दुनिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि. के लिए प्रकाशक/मुद्रक- **किशोर वाधवानी** द्वारा मिशन मिडिया प्राईवेट लिमिटेड, छत्तीसगढ़ भवन, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं अविनाश मेग्नेटो मॉल, तीसरी मंजिल, एसओ-03, लभांडी विशालनगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। **प्रधान संपादक-** किशोर वाधवानी। **स्थानीय संपादक-** आनंद प्रकाश*। फोन-0771-4919400, आर.एन.आई. नं. CHHHIN/2013/51161, इंटरनेट संस्करण http://www.dabangdunia.co.in। डाक पंजीयन छ.ग./रायपुर संभाग/79/2015-17 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।